


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22





वर्ष- 14 अंक - 302 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 14 अगस्त 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## जल्द सुलझेंगी सूरज की अनसुलझी गुत्थियां! इसरो के सूर्य मिशन 'आदित्य एल1' की लॉन्चिंग की उल्टी गिनती शुरू

**बंगलुरू ( एजेंसी )।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के सूर्य मिशन आदित्य एल1 के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इसरो ने बताया कि आदित्य एल1 आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्पेसपोर्ट पहुंच चुका है। इसरो का कहना है कि सितंबर के पहले हफ्ते में आदित्य एल1 की लॉन्चिंग हो सकती है। बता दें कि आदित्य एल1 को इसरो के यूआर राव सैटेलाइट सेंटर में बनाया गया है, जहां से अब आदित्य एल1 सैटेलाइट लॉन्चिंग के लिए श्रीहरिकोटा पहुंच चुकी है।

### सूर्य पर लगातार नजर रखेगी सैटेलाइट

बता दें कि सूर्य के अध्ययन के लिए भेजा जाना वाला यह इसरो का पहला मिशन है। आदित्य एल1 को सूर्य-पृथ्वी सिस्टम के लैंग्रेज पॉइंट के करीब हालो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। यह पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर स्थित है। इसरो ने बताया कि एल1 पॉइंट के नजदीक



हालो ऑर्बिट में सैटेलाइट को स्थापित करने का सबसे बड़ा फायदा ये है कि यहां से लगातार सूर्य पर नजर रखी जा सकती है और यहां सूर्य ग्रहण का भी असर नहीं होता। इससे सूरज की गतिविधियों और इनके अंतरिक्ष के मौसम पर पड़ने वाले असर का विश्लेषण करने में बहुत फायदा होगा।

### सूरज की इन गतिविधियों का अधय्यन करेगा इसरो

आदित्य एल1 के साथ सात पैलोड भी अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे। ये पैलोड सूरज की फोटोस्फीयर, क्रोमोस्फीयर और सबसे बाहरी परत का अध्ययन इलेक्ट्रोमैग्नेटिक और पार्टिकल और मैग्नेटिक फील्ड डिटेक्टर्स की मदद से करेंगे। इनमें से चार पैलोड लगातार सूर्य पर नजर रखेंगे और बाकी तीन पैलोड परिस्थितियों के हिसाब से पार्टिकल और मैग्नेटिक फील्ड का अध्ययन करेंगे। इसरो ने बताया कि आदित्य एल1 के पैलोड सूरज की कोरोनल हीटिंग, कोरोनल मास इजेक्शन, प्री फ्लेयर और फ्लेयर गतिविधियों के बारे में और सूरज में होने वाली गतिविधियों के अंतरिक्ष के मौसम पर पड़ने वाले असर के बारे में अहम जानकारी देंगे। मिशन के उद्देश्यों की बात करें तो यह सौर मंडल के ऊपरी वायुमंडल में गतिशीलता का अध्ययन करेगा। साथ ही क्रोमोस्फेरिक और कोरोनल हिटिंग, आयनित प्लाज्मा की भौतकता आदि का अधय्यन करेगा।

## खास - खबर

### कैथल रैली में कांग्रेस नेता सुरजेवाला का विवादित बयान, कहा-भाजपा को वोट देने वाले राक्षस

**हरियाणा ( एजेंसी )।** कैथल में रैली के दौरान कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला का विवादित बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह कह रही है कि जो लोग भाजपा को वोट देते हैं और भाजपा समर्थक हैं, वे राक्षस प्रवृत्ति के हैं। मैं महाभारत की इस भूमि से श्राप देता हूं। कैथल के भाई उदय सिंह किला परिसर में आयोजित हुए जन आक्रोश प्रदर्शन में रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा पर विवादित टिप्पणी कर दी। सुरजेवाला ने भाजपा के समर्थकों और वोट देने वालों तक को राक्षस प्रवृत्ति के लोग बता दिया। सुरजेवाला ने कहा ये राक्षसों, भाजपा-जजपा के राक्षसों, राक्षस हो तुम लोग। भारतीय जनता पार्टी को जो वोट देता है और जो भाजपा का समर्थक है वह राक्षस प्रवृत्ति का है। मैं आज महाभारत की इस धरती से उन्हें श्राप देता हूं। उनकी इस टिप्पणी के बाद सियासी बहस शुरू होने के लिए हलचल तेज हुई है। सुरजेवाला ने कहा कि करनाल में 17 से 18 किलोमीटर चिलचिलाती गर्मी में जहां लोग बेहोश हो रहे थे।

वहीं, करनाल में हुए प्रदर्शन में वह, शैलजा और किरण मुख्यमंत्री के निवास स्थान तक गए। क्योंकि सीईटी में बैठने वाले प्रदेश के 11 लाख 22 हजार युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद थी। वे बच्चे चिलचिलाती धूप से नहीं डरते, बल्कि मौजूदा सरकार के अत्याचार से डरते हैं। सरकार बेशक नौकरी न दें, कम से कम परीक्षा में तो बैठने दे। सुरजेवाला ने अंत में मौजूदा सरकार पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी की।

## 24 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक डीआईजी कमलोचन को राष्ट्रपति पदक

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले पुलिस मेडल की घोषणा कर दी गई है। रविवार को इसकी घोषणा की गई। देशभर के 954 पुलिस कर्मियों को यह मेडल दिए गए हैं जिनमें छत्तीसगढ़ के पुलिस कर्मी भी शामिल हैं। दंतेवाड़ा के डीआईजी कमलोचन कश्यप को राष्ट्रपति विशिष्ठ सेवा पदक के लिए चुना गया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के 24 पुलिस कर्मियों को वीरता पदक व 10 पुलिस कर्मियों को सराहनीय सेवा पदक के लिए चुना गया है।

भारत सरकार द्वारा जारी सूची के अनुसार छत्तीसगढ़ से डीआईजी नेहा चंपावत, कमांडेंट सर्जन राम भगत, एएसपी भावना पांडे, सब इंस्पेक्टर गणपत प्रसाद पांडे, कंपनी कमांडर तेलेश्पर मिंज, असिस्टेंट कमांडेंट





राजेश कुमार शर्मा, प्लाटून कमांडर ठकबहादुर सोनी, हेड कांस्टेबल वेद कुमार मंडावी, कांस्टेबल शैलेंद्र सिंह, कमांडेंट प्रकाश टोप्पो को सराहनीय सेवा पदक दिया गया।

इसी प्रकार वीरता पदक के लिए इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट, आईपीएस मोहित गर्ग, एसआई पीलूराम मंडावी, एएसआई जोगीराम पोडियम, हेड कांस्टेबल हिड़मा पोडियम, प्रमोद कटियाम बलराम कश्यप, बीजू रामजी, बुधराम , लक्ष्मी नारायण मारपल्ली, मंगलू कुड़ियां, शेर बहादुर सिंह ठाकुर, छत्रपाल साहू , एएसआई सुरेश जब्बा, हेड कांस्टेबल सुशील, मंगलू कोसवासी, बर्दी धर्मिया,मुकेश कमलु, रमेश पेरे, अरुण मरकाम, मनोज मिश्रा, लचिंदर कुरूद, नीलांबर भोई व अजय बघेल का चयन किया गया।

### सीआरपीएफ के अधिकारी को पीपीएमजी पदक

सीआरपीएफ अधिकारी लोकराकपाम इबोम्चा सिंह एकमात्र व्यक्ति हैं, जिन्हें पीपीएमजी पदक से सम्मानित किया जाएगा। उनकी सेवाकाल में यह दूसरा वीरता पदक है। वहीं, विशेष सेवा के लिए 82 राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए 642 पुलिस पदक दिए जाएंगे। सबसे ज्यादा अगर किसी राज्य के बल को वीरता के लिए सम्मान दिया जाएगा तो वह जम्मू और कश्मीर है। यहां 55 पुलिस पदक (पीएमजी) दिए जाएंगे। इसके अलावा, 33 पदक महाराष्ट्र पुलिस, 27 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा 24 छत्तीसगढ़ पुलिस को दिए जाएंगे।

### जिले में सद्भावना दौड़ का हुआ आयोजन उत्साह से सभी ने लगाई दौड़

दुर्ग। स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व आज जिले में सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। एकता, भाईचारे और देशप्रेम का संदेश देते हुए अधिकारियों और स्कूली बच्चों ने दौड़ लगाई। जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुर्ग विधायक अरूण वोरा द्वारा दौड़ को हरी झंडी दिखाई गई। स्वतंत्रता दौड़ प्रातः 8 बजे रविशंकर स्टेडियम दुर्ग के मुख्य गेट से आरम्भ होकर आदर्श कन्या शाला, गांधी चौक, पटेल चौक, पुराना दुर्ग थाना, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्पलेक्स चौक, पचरीपारा नया बस स्टैंड रोड़ से बस स्टैंड होकर चर्च रोड़ से होते हुए पुनः मुख्य गेट रविशंकर स्टेडियम पहुँचकर समाप्त हुआ। महापौर धीरज बाकलीवाल, संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा, एसपी शलभ सिन्हा, ऐ.डी.एम. अरविंद एक्का, नगर निगम आयुक्त भिलाई रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ श्री अश्विनी देवांगन एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

रहस्य से जल्द उठेगा पर्दा

## न्यूज एंकर की हत्या के मामले में पुलिस के हत्थे चढ़े दो आरोपी, पांच साल पहले लापता हुई थी सलमा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** पांच साल पहले लापता हुई न्यूज एंकर सलमा खान की हत्या के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है। बताया जा रहा है कि इस मामले में पुलिस जल्द बड़ा खुलासा कर सकती है। सलमा खान लोकल चैनल में न्यूज एंकर थी, उसके अचानक लापता हो जाने के बाद परिजनों ने इसकी सूचना कुसमुंडा थाना पुलिस को दी थी।

पुलिस लगातार सलमा की तलाश करती रही थी लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी उसका पता नहीं चला। अचानक उसकी हत्या की बात सामने आई, हत्या का आरोप उसके साथी जिम ट्रेनर मधुर साहू और उसके एक अन्य साथी पर लगा। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने हत्या कर शव को दर्री मुख्य मार्ग भवानी मंदिर के पास सड़क निर्माण के दौरान दफ्ना दिया था। यह बात सामने आने के बाद जिम ट्रेनर मधुर साहू और उसका साथी फरार हो गए थे। जहां पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया है और बहुत जल्द खुलासा करने की बात कही जा रही है। पुलिस ने कुछ माह पहले ही दर्री मुख्य मार्ग किनारे सलमा खान का नर कंकाल बरामद करने जेसीईबी मशीन से खुदाई भी की गई थी। जहां नर कंकाल नहीं मिलने के बाद रायपुर से डिटेक्टिव मशीन भी मंगाई गई थी। लेकिन नर कंकाल बरामद नहीं हुआ, लगातार इस मामले में तलाश जारी है। सलमा खान की हत्या कब, कैसे और किन परिस्थिति में हुई है, इसका खुलासा पुलिस बहुत जल्द कर सकती है।

## चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस विधायक ताम्रध्वज साहू ने ली बैठक जोन व सेक्टर प्रभारियों को सौंपा दायित्व

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्गग्रामीन विधानसभा के विधायक ताम्रध्वज की उपस्थिति में दुर्ग मिनाक्षी नगर बोरसी मंत्री



निवास में बूथ अध्यक्ष, जोन प्रभारियों एवं सेक्टर प्रभारियों सहित कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ताम्रध्वज साहू ने कहा कि इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रत्येक बूथ सेक्टर व जोन प्रभारियों को प्रभार दिया गया। साथ ही आगामी समय में वह प्रत्येक बूथ स्तर पर बैठक रखकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

इस बैठक में प्रमुख रूप से बूथ, जोन एवं सेक्टर के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के पदाधिकारी व बूथ, सेक्टर, जोन प्रभारी एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने व आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को प्रचंड बहुमत से जीत दिलवाने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही चुनावी रणनीति भी बनाई गई।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी देश को संबोधित, तिरंगे के रंग में रंगा पूरा देश

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** स्वतंत्रता दिवस से पहले देश तिरंगे के रंग में रंग गया है। आजादी के तराने गूंज रहे हैं तो लोगों में जोश भी दिख रहा है। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार यानी आज 77वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति भवन ने रविवार को कहा कि यह संबोधन आकाशवाणी के राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे से प्रसारित किया जाएगा। इसे दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में और उसके बाद अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनल द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण किया जाएगा।

### पीएम मोदी ने की यह अपील

रविवार को राजधानी दिल्ली से जम्मू-



कश्मीर समेत पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों से सोशल मीडिया खातों की डीपी तिरंगा लगाने की अपील की है। पीएम मोदी ने भी अपनी डीपी बदल दी है। उन्होंने लोगों से तिरंगे के साथ अपनी तस्वीरें www.harghartiranga.com पर अपलोड करने का भी आग्रह किया है।

इनमें से कुछ विशेष अतिथियों का दिल्ली प्रवास के दौरान राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा करने और रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। माना जा रहा है कि इस बार 20,000 से अधिक अधिकारी और नागरिक आजादी के जश्न में शिरकत करेंगे।

सुरक्षा की दृष्टि से लाल किला मेट्रो स्टेशन का गेट नंबर तीन और चार बंद रहेगा जबकि दूसरी तरफ के गेट लोगों के लिए खुले रहेंगे। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लगभग 300 इमारतों की पहचान की गई है, जहां आधुनिक हथियार और दूरबीन के साथ जवान तैनात रहेंगे।


### लाल किले पर होगा भव्य कार्यक्रम

वहीं, इस बार 77वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है, क्योंकि इस बार कार्यक्रम में कोविड-19 को लेकर कोई प्रतिबंध नहीं हैं। सरकार ने पीएम किसान योजना के लाभार्थियों समेत 1,800 विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया है। इसके अलावा, प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 75 जोड़ों को भी उनकी पारंपरिक पोशाक में लाल किले पर समारोह देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।

लाल किले पर समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित इन विशेष अतिथियों में 660 से अधिक गांवों के 400 से अधिक सरपंच शामिल हैं। इसके साथ ही किसान उत्पादक संगठन योजना से 250; प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के 50-50 प्रतिभागी इसमें शामिल हैं। वहीं, नई संसद भवन सहित सेंट्रल विस्टा परियोजना के 50 श्रम योगी (निर्माण श्रमिक); 50-50 खादी कार्यकर्ताओं, सीमा सड़कों के निर्माण, अमृत सरोवर और हर घर जल योजना में शामिल लोगों के साथ-साथ प्राथमिक विद्यालय के 50-50 शिक्षकों, नर्सों और मछुआरों को भी आमंत्रित किया गया है।

## राष्ट्रवादियों को बुलडोजर न्याय की आस

श्रीकंचनपथ




छत्तीसगढ़ राष्ट्रवादी संघ ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर उनका स्वागत बुलडोजर से किया है। संघ के कार्यकर्ताओं ने साव पर बुलडोजर से ही फूलों की वर्षा की। हेलीकाप्टर से फूलों की वर्षा के बाद यह एक नया स्टंट। संघ के संयोजक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उनकी उम्मीदें भाजपा पर टिकी हुई हैं। भाजपा सत्ता में आएगी तो अपराधियों के मकान-दुकान पर बुलडोजर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुलडोजर त्वरित न्याय का प्रतीक है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को वे बुलडोजर वाले बाबा के रूप में देखते हैं। इससे पहले छत्तीसगढ़ में चाऊर वाले बाबा और पानी वाले बाबा भी हुए हैं। पालीटिक्स में बुलडोजर की इंट्री काफी पहले 1990 के दशक में हुई थी। मध्यप्रदेश के तत्कालीन नगर विकास मंत्री बाबूलाल गौर ने अतिक्रमणों के खिलाफमहा-अभियान चलाया था। तब उन्हें बुलडोजर मंत्री का नाम दे दिया गया था। बाद में वे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री भी बने। पर आजकल उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश में बुलडोजर किसी और वजह से चर्चा में है। माना जाता है कि वहां बुलडोजर अब अपराधियों के खिलाफ त्वरित न्याय के विकल्प के रूप में सामने आया है। अपराध में आरोपितों के घर, दुकान और प्रतिष्ठानों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। गौर करें तो यह हमला अपराधियों के साथ-साथ भारतीय न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र पर भी है। ऐसे में तो बुलडोजर न्याय का नहीं बल्कि न्यायपालिका और कार्यपालिका पर अविश्वास का प्रतीक बन जाएगा। आज जिस बात पर लोग तालियां बजा रहे हैं, कल को जब सत्ता भस्मासुर बन जाएगी तो वही आठ-आठ आंसू रोएगी। दरअसल, हिन्दू राष्ट्र के शिगूफे ने कुछ लोगों के मानसिक संतुलन को ही गड़बड़ा दिया है। वे उचित-अनुचित हर बात पर ताली बजाने लगे हैं। जिस आजादी का स्वाद वो आज चख रहे हैं, वह मौजूदा संविधान की देन है। यदि संविधान के प्रावधानों को एक तरफ कर दिया गया तो फिर से वही दिन लौट आएंगे जिसके बारे में कहा जाता है - 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस।' एक बार चुनाव जीत कर कोई पार्टी पूर्ण बहुमत की स्थिति में आ गई तो फिर उसे जो जी में आए करने को आजाद होगी। जरूरत पड़ी तो संविधान तक को बदल डालेगी। अधिकार में अगर अहंकार मिल जाए तो वहां राम-राज नहीं बल्कि रावणराज स्थापित हो जाता है। जिस प्राचीन भारत की हर कोई हाल-दुहाई देता है, उस प्राचीन भारत में राजा भेष बदलकर जनता का हाल चाल पूछने निकलता था। उनसे बातें करता था। प्रिय और अप्रिय दोनों बातें सुनता था और फिर वही करता था जिसमें जनता का भला हो, अच्छा संदेश जाए। आज राजा ढोल-ढमाके के साथ आता है। स्थानीय सत्ता उसी तरह खामियों को छिपाती है जैसे लड़के वालों के आने पर लड़की वाले जूतों के रैक को चादर से ढंक देते हैं। क्या साव को सीएम प्रोजेक्ट किया जा रहा है?



## संपादकीय

### रूसी चंद्र अभियान

दुनिया में जब कोई देश विज्ञान की ओर कदम बढ़ाता है, तब मानव समाज सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ता है। यूक्रेन के खिलाफ युद्धरत रूस से उम्मीद नहीं थी, पर उसने शुक्रवार को अपना चंद्र अभियान रवाना कर दिया। यह ध्यान देने की बात है कि 1960 के दशक तक अमेरिका और सोवियत संघ लगभग बराबरी के साथ अंतरिक्ष में कामयाबी के अध्याय लिख रहे थे, पर जब अमेरिका चांद पर इंसान को उतारने में सफल हुआ, तब रूसी अंतरिक्ष अभियान एक झटके में बहुत पिछड़ गया। शीत युद्ध का दौर था, तो सोवियत संघ ने अमेरिकी कामयाबी के बाद हार-जीत का जोखिम उठाना मुनासिब नहीं समझा। अब 47 वर्ष बाद रूस ने अपना पहला चंद्रमा-लैंडिंग अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। इसके साथ ही उसने यह भी घोषणा की है कि वह चीन के साथ मिलकर मानव अभियान भेजने पर विचार करेगा और चांद पर स्थायी आधार की संभावनाएं तलाशेगा। साफ है, रूस ने अपनी महत्वाकांक्षा का साफ इजहार कर दिया है और एक युद्धरत देश को विज्ञान की दिशा में पहल करते देख दुनिया के तमाम विज्ञान समर्थक व शांतिप्रिय लोगों को सुकून का एहसास हुआ होगा। कितना ही अच्छा हो, अगर दुनिया में आए दिन ताकत का प्रदर्शन करने वाले देश अपना पूरा जोर वैज्ञानिक तरक्की पर लगा दें? यह हमारी दुनिया के लिए बहुत अच्छा है कि दिग्गज देश चांद के महत्व को समझ रहे हैं और एक तरह से चांद पर पहुंचने की होड़ मच गई है। अमेरिका, चीन, भारत, रूस, फ्रांस, जापान, यूएई इत्यादि देश अपने-अपने तरीके से अभियान चला रहे हैं।

“ हमारी पृथ्वी से 3,84,400 किलोमीटर दूर स्थित चंद्रमा हमारे लिए उपयोगी उपग्रह है। वह पृथ्वी पर जलवायु को स्थिरता देता है। पृथ्वी के महासागरों में ज्वार की वजह बनता है। चांद पर अगर दुनिया के विकसित देश जल या जीवन की संभावना खोज लेते हैं, तो फिर दुनिया में लोगों के सोचने का नजरिया ही बदल जाएगा।

हमारी पृथ्वी से 3,84,400 किलोमीटर दूर स्थित चंद्रमा हमारे लिए उपयोगी उपग्रह है। वह पृथ्वी पर जलवायु को स्थिरता देता है। पृथ्वी के महासागरों में ज्वार की वजह बनता है। चांद पर अगर दुनिया के विकसित देश जल या जीवन की संभावना खोज लेते हैं, तो फिर दुनिया में लोगों के सोचने का नजरिया ही बदल जाएगा। दुनिया में जिस तरह से छोटी-छोटी बातों व स्वार्थ की वजह से लोग लड़ रहे हैं, वह किसी त्रासदी से कम नहीं है। विज्ञान के नए-नए विषय अगर हमारे आसपास बनते रहे, तो हम फिजूल की चर्चाओं से बच सकते हैं। युद्ध की आशंका भी कम होगी, क्योंकि वैज्ञानिक रूप से विकसित देशों के राष्ट्राध्यक्षों का दिमाग वैज्ञानिक तरक्की पर केंद्रित हो जाएगा। यह कितनी बड़ी खुशी है कि भारत का चंद्रयान-3 भी चांद के करीब पहुंच रहा है और वहां के परिवेश का अध्ययन कर रहा है। दुनिया की निगाह भारत के इस अभियान पर टिकी हुई है। चंद्रमा पर पानी की पहली निश्चित खोज 2008 में चंद्रयान-1 ने ही की थी, तो इस बार चंद्रयान-3 दुनिया को क्या बताने वाला है? 14 जुलाई को अपने प्रक्षेपण के बाद भारत का महत्वाकांक्षी चंद्रयान 5 अगस्त को सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया। उसका अगला चरण 14 अगस्त को पूरा होगा। यह भारतीय यान धीरे-धीरे चांद की सतह के करीब पहुंचने लगा है। 14-16 अगस्त को चंद्रयान चांद की सतह से 100 किलोमीटर दूर वाली कक्षा हासिल कर लेगा। उसके बाद लैंडर अलग होगा और 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर हल्के से उतरेगा। रूस का यान लूना-25 भी चांद के इसी हिस्से में उतरने वाला है। भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान संस्थान इसरो ने उचित ही रूस की प्रशंसा की है। दरअसल, वैज्ञानिक तरक्की के पथ पर एक-दूसरे की प्रशंसा व सहयोग से बढ़ना आज समय की मांग है।

## दवा उद्योग का संकट

एक समय भारत में खासकर जेनेरिक दवाओं का उद्योग इतनी तेजी से विकसित हुआ कि भारत को गरीब देशों के लोगों का जीवन-रक्षक बताया जाने लगा। लेकिन भारतीय दवाएं अगर दुनिया भर में इस्तेमाल की जाने लगीं, तो इसका कारण सिर्फ उनका सस्ता होना नहीं था। बल्कि सस्ता होने के साथ भारतीय दवाओं ने सुरक्षित और प्रभावी होने की अपनी साख भी बनाई थी। आज यही साख खतरे में है। विदेशों में एक के बाद दूसरी दवा को असुरक्षित घोषित करने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब ताजा खबर है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का एलान है। संगठन ने कहा है कि पिछले महीने इराक में पाया गया दूषित सामान्य कोल्ड सिरप तमिलनाडु स्थित एक भारतीय दवा कंपनी द्वारा निर्मित किया गया था। दूषित बैच का निर्माण फोर्ट्स (इंडिया) लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड में हुआ था। डैबिलाइफ फार्मा प्राइवेट लिमिटेड के लिए बनी 'कोल्ड आउट' नाम की सर्दी की दवा है, जिसकी इराक में बिक्री होती है। डब्लूएचओ के मुताबिक इस दवा के सैंपल में डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा मानक से काफी ज्यादा थी।

संगठन ने अपने बयान में कहा है- 'यह उत्पाद घटिया और असुरक्षित है। इसका इस्तेमाल खासकर बच्चों को गंभीर नुकसान या उनकी मौत का कारण बन सकता है।' पिछले दस महीनों में भारतीय कंपनियों की दवाओं के खिलाफ विश्व स्वास्थ्य संगठन की यह पांचवीं चेतावनी है। पिछले साल गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में कम से कम 89 बच्चों की मौत के लिए भारतीय कंपनी मेडेन फार्मास्यूटिकल्स के कफ सिरप को जिम्मेदार ठहराया गया था। इसके अलावा भारतीय अधिकारियों को राइमन लैब्स द्वारा निर्मित कफ सिरप में भी विषाक्त पदार्थ मिले, जिसे कैमरून में बच्चों की मौत के लिए दोषी ठहराया गया था। गौरतलब है कि भारत में दवा निर्माण का 41 अरब डॉलर का उद्योग है। यह दुनिया के सबसे बड़े दवा निर्माताओं में से है। लेकिन पिछले कुछ महीनों से भारत का दवा उद्योग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवादों से जूझ रहा है, क्योंकि गाम्बिया, उज्बेकिस्तान और अमेरिका में भी भारतीय दवाओं के कारण लोगों की जान जाने की खबरें आ चुकी हैं।

## चुनाव के लिए अधिकारियों का सेवा विस्तार

केंद्र सरकार ने एक के बाद एक अधिकारियों को सेवा विस्तार दिया है। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के प्रमुख का मामला तो अलग है क्योंकि उसमें जो हो रहा है उस पर सुप्रीम कोर्ट की नजर है। लेकिन उसके अलावा सरकार ने दो सबसे बड़े अधिकारियों- कैबिनेट सचिव और गृह सचिव को एक एक साल का सेवा विस्तार दिया है। पहले कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को तीसरा विस्तार दिया गया और उसके बाद गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को एक साल का चौथा विस्तार दिया गया। बताया जा रहा है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों को ध्यान में रख कर सरकार ने फैसला किया है। चुनाव से पहले केंद्र सरकार अधिकारियों के बीच बना सामंजस्य बिगाड़ना नहीं चाहती है। हालांकि इससे कई अधिकारी नाराज और निराश बताए जा रहे हैं। खास कर 1986 बैच के अधिकारी, जिनमें से कई कैबिनेट सचिव या गृह सचिव बनने की उम्मीद कर रहे थे।

बहरहाल, यह संयोग है कि इस समय सारे उच्च पदों पर बैठे अधिकारी 1984 बैच के हैं। कैबिनेट सचिव और गृह सचिव के अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार भी 1984 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। सरकार ने गौबा और भल्ला को एक एक साल का सेवा विस्तार देकर यह सुनिश्चित कर दिया है कि अगला लोकसभा चुनाव 1984 बैच के अधिकारियों की देख-रेख में होगा। अगले साल जब कैबिनेट सचिव और गृह सचिव का विस्तारित कार्यकाल समाप्त होगा तब तक उनके आगे के दो या तीन बैच के लगभग सारे अधिकारी रिटायर हो चुके होंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल भी 2025 के शुरू में समाप्त होगा।

“ पीएमकेएसके पहल के तहत, लगभग 280,000 सक्रिय खुदरा उर्वरक दुकानें किसानों के लिए व्यापक वन-स्टॉप शॉप में चरणबद्ध रूपांतरण के दौर से गुजर रही हैं। इसके मूल में, पीएमकेएसके किसानों को परेशानी मुक्त तरीके से उर्वरक, बीज और कीटनाशक, ड्रोन सेवाओं और कीटनाशकों सहित छोटी कृषि मशीनरी सहित कृषि-इनपुट की एक विविध श्रृंखला की पेशकश केंद्रित है।


# पीएमकेएसके भारत के कृषि क्षेत्र को बदल सकता है

आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 47 प्रतिशत आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। कृषि एक समयबद्ध गतिविधि है जिसमें उत्पादन और उत्पादकता को अधिकतम करने के लिए सही समय पर सही कृषि-इनपुट की आवश्यकता होती है। कृषि-इनपुट कृषि के आवश्यक तत्व हैं और एक कुशल वितरण प्रणाली कृषि आय की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

भारत में, इनपुट सेवाओं का नेटवर्क बिखरा हुआ है और साइलो में बीज, उर्वरक, कीटनाशकों और उपकरणों के लिए अलग-अलग डीलर नेटवर्क काम कर रहे हैं। इसके अलावा, मिट्टी, बीज, उर्वरक की जांच की सुविधाएं और विभिन्न योजनाओं की जानकारी अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से असंबद्ध और टुकड़ों में किसानों तक पहुंचती है। यह व्यवस्था एक समुचित निर्णय लेने के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित समग्र जानकारी प्रदान करने में विफल रहता है। जिसका समाधान सरकार द्वारा समर्थित एक छत के नीचे किसानों को समग्र सुविधाएं प्रदान करने में निहित है, जिस पर किसान भरोसा कर सकें और उसका पालन कर सकें। अतीत में, निजी क्षेत्र ने किसानों के इनपुट और सेवाओं के लिए ऐसे ही केंद्रों के मॉडल को दोहराने की कोशिश की है, लेकिन काफी हद तक असफल रहा।

इस प्रकार, मौजूदा उर्वरक खुदरा दुकानों को वन-स्टॉप शॉप समाधान , प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) में बदलने का विचार किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक स्थायी और दीर्घकालिक समाधान के रूप में सामने आया है। इस कार्यक्रम ने देश के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन की शुरुआत की है। किसानों को सशक्त बनाने और कृषि विकास को बढ़ावा देने की दृष्टि से, इस पहल का उद्देश्य कृषि इनपुट, सूचना और सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाना, किसानों के जीवन का उत्थान करना और देश की प्रगति में योगदान देना है।

पीएमकेएसके पहल के तहत, लगभग 280,000 सक्रिय खुदरा उर्वरक दुकानें किसानों के लिए व्यापक वन-स्टॉप शॉप में चरणबद्ध रूपांतरण के दौर से गुजर रही हैं। इसके मूल में, पीएमकेएसके किसानों को परेशानी मुक्त तरीके से उर्वरक, बीज और कीटनाशक, ड्रोन सेवाओं और



कीटनाशकों सहित छोटी कृषि मशीनरी सहित कृषि-इनपुट की एक विविध श्रृंखला की पेशकश केंद्रित है। एक महत्वपूर्ण पहलू मिट्टी और बीज परीक्षण सुविधाओं का प्रावधान भी है। किसानों को उनकी विशिष्ट मिट्टी और फसल की स्थितियों के बारे में ज्ञान प्रदान करके, ये सुविधाएं उचित निर्णय लेने, अनुकूलित संसाधन उपयोग और उच्च पैदावार को सक्षम बनाती हैं। यह सटीक कृषि और संसाधन-कुशल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, पीएमकेएसके एक ज्ञान केंद्र के रूप में काम करते हैं, जो फसलों और सरकारी कल्याण योजनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी का प्रसार करते हैं। सूचना अंतर को पाटते हुए, ये केंद्र किसानों को सही विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाते हैं, जिससे उनकी दक्षता और आय में वृद्धि होती है।

इसका उद्देश्य लाखों किसानों के जीवन को सरल बनाना है। हाल के घटनाक्रम इसकी सफलता को दर्शाते हैं। 27 जुलाई को राजस्थान के सीकर में आयोजित पीएम-किसान सम्मेलन जैसे एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 125,000 पीएमकेएसके राष्ट्र को समर्पित किए। देश भर के लगभग 20 मिलियन किसानों की व्यापक भागीदारी इस पहल पर अंतिम उपयोगकर्ताओं तक पहुंच की सकारात्मक मुहर दिखाती है।

सफलता का अंदाजा विभिन्न हितधारकों के बीच एकता और गर्व की भावना से भी लगाया जा सकता है। एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि केंद्रों पर आने वाले किसानों की संख्या में पहले से ही 15-20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह पाया गया है कि वे पीएमकेएसके के माहौल और उपलब्ध इनपुट से खुश हैं। इन पीएमकेएसके के माध्यम से नैनो यूरिया की बिक्री भी 6 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। उर्वरक कंपनियों द्वारा समर्थित ड्रोन उद्यमी उर्वरकों और रसायनों के छिड़काव को बेहतर तरीके से बढ़ावा देने के लिए धीरे-धीरे किसानों को पीएमकेएसके के साथ जोड़ पा रहा है। राज्यों, केवीके और डीलरों के बीच बढ़ते संबंधों के परिणामस्वरूप ज्ञान और सेवाओं का सफल प्रसार हुआ है।

पीएमकेएसके पहल किसानों को सशक्त बनाने और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ को मजबूत करने में गेम चेंजर साबित हो रही है। कृषि इनपुट्स और नॉलेज तक पहुंच को सरल बनाकर, आधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ किसानों को सशक्त बनाकर और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देकर, पीएमकेएसके कृषक समुदाय के लिए समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं। अटूट सरकारी समर्थन और हितधारकों के सामूहिक प्रयासों से, पीएमकेएसके सकारात्मक बदलाव लाना जारी रखेंगे, देश की कृषि रीढ़ को मजबूत करेंगे और एक संपन्न और आत्मनिर्भर कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान देंगे।

**( डॉ. मनसुख मंडाविया केंद्रीय रसायन और उर्वरक, और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री हैं। व्यक्त किये गये विचार व्यक्तिगत हैं।)**

# विभीषिका को कैसे याद रखें हम

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

दो साल पहले केंद्र सरकार ने तय किया था कि स्वतंत्रता दिवस के ठीक पहले हर साल 14 अगस्त का दिन भारत के विभाजन की विभीषिका को याद करने का दिवस होगा। दो साल बाद अब जब विभाजन विभीषिका दिवस आया है, तो उसकी पृष्ठभूमि में मणिपुर में हुई हिंसा और हरियाणा के नूंह में घटी सांप्रदायिक घटनाएं खड़ी हैं। दो साल पहले, जब 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में मनाने का 'गजट नोटिफिकेशन' जारी हुआ था, तब कई इतिहासकारों और बुद्धिजीवियों ने यह सवाल पूछा था कि इतिहास के किसी दुखद और बर्बर अध्याय को वर्तमान में क्या भूमिका दी जानी चाहिए?

जब हम विभाजन की बात करते हैं, तो हमारे मन में सिर्फ भारत और पाकिस्तान के बनने या पंजाब और बंगाल के भौगोलिक व जनसांख्यिकीय बंटवारे की बात ही नहीं उभरती, उस क्रूरता की बात भी उभरती है, जिसे आजादी के साथ इस देश को भोगनी पड़ी थी। कितने लोगों को दो नई बनी सरहदों के आर-पार जाना पड़ा, कितनों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, कितने घायल हुए, कितने परिवार एक-दूसरे से बिछड़ गए, कितनी महिलाओं का अपहरण हुआ, कितनीस्त्रियों-बच्चियों के साथ बलात्कार हुआ, इन सबके जो भी आंकड़े हैं, उन्हें आज भी भरोसेमंद नहीं कहा जा सकता। वे आंकड़े जो भी हों, लेकिन पंजाब और बंगाल की कई पीढ़ियों के मानस पर इसका जो असर पड़ा है, वह इन आंकड़ों से कई गुना बड़ा है।



इतिहासकारों और लेखकों ने इसे अपने-अपने ढंग से उकेरा है। लेखकों ने इसे अपनी रचनात्मकता से सबके सामने लाने की कोशिश की है, तो कई इतिहासकारों ने सरकारी रिकॉर्ड और अखबारी रपटों को खंगालकर इसका सच समझने में हमारी मदद की है। कई जगह कहानी और इतिहास का फर्क मिटता भी दिखा। याद कीजिए, भीष्म साहनी के उपन्यास तमस को। इसमें एक जगह गांव की सभी महिलाएं आक्रांताओं के डर से कुएं में कूद जाती हैं। यह एक सच्ची घटना थी, जो थोआ खालसा नाम के एक गांव में घटी थी।

हालांकि, एक समय के बाद यह लगने लगा कि यह सब भी पूरा सच नहीं है। जो लोग इस विभीषिका से गुजरे हैं, उनके परिजनों के पास ऐसे हजारों अनुभव और हजारों कहानियां हैं, जो पिछले साढ़े सात दशक से बंगाल और पंजाब के असंख्य परिवारों के बीच सुनाई जाती रहीं। ये कहानियां न इतिहास की किताबों में दर्ज हुईं और न ही अखबारों में इनके बारे में कुछ छपा। उर्वशी बुटालिया और इश्तियाक अहमद वगैरह ने ऐसी ही कहानियों को बटोरने की कोशिश की है। उन्होंने विभाजन के नैरेटिव को बड़ा फलक दिया है। पूरा सच सामने आ गया, यह दावा तो खैर अभी भी नहीं किया जा सकता, पर इससे विभाजन से जुड़ी निजी त्रासदियों का एक दस्तावेजीकरण तो हुआ ही है।

इन दोनों को ही पढ़ने से यह समझ में आता है कि विभाजन की इस पूरी प्रक्रिया में समाज, पीड़ित परिवारों और लोगों को जिन अनुभवों से गुजरना पड़ा, वे काफी जटिल हैं और उनका श्वेत-श्याम वर्गीकरण काफी कठिन है। एक ही परिवार के कुछ लोग एक जगह पीड़ित थे, तो दूसरी जगह वे हिंसक आक्रमणकारी भी बन गए। जिस परिवार की महिलाएं हिंसा का शिकार बनीं, उसी परिवार के कुछ पुरुष दूसरों की स्त्रियों पर हिंसा कर रहे थे।

इस सबके बावजूद मूल सवाल अपनी जगह है कि विभाजन की विभीषिका को किस तरह याद किया जाना चाहिए? भारत और पाकिस्तान का बंटवारा दुनिया के इतिहास का एक ऐसा त्रासद अध्याय है, जिसकी तुलना दुनिया के किसी दूसरे दुखद घटनाक्रम से नहीं हो सकती। फिर भी यह जानना महत्वपूर्ण होगा कि दुनिया भर में त्रासद स्मृतियों को किस तरह से याद रखा जाता है। यहां हम सिर्फदो उदाहरण लेंगे। एक विदेश का और एक भारत का। पहला उदाहरण है होलोकास्ट का। हिटलर के नाजी जर्मनी ने यहूदियों के नस्लीय सफाये के लिए उन्हें जो यातनाएं दीं, उनकी स्मृति को होलोकास्ट के रूप में याद किया जाता है। दूसरा उदाहरण साल 1762 का है। अफगानिस्तान से आए अहमद शाह अब्दाली ने जब पानीपत की लड़ाई में विशाल मराठा सेना को मात दे दी, तो अब्दाली की फौज ने न सिर्फ भारी लूटपाट की, बल्कि मराठा महिलाओं को बंदी बनाकर अपने साथ अफगानिस्तान की ओर ले गई। मगर रास्ते में सिख सेना ने उन पर हमला कर उन स्त्रियों को छुड़ा लिया और उन्हें वापस भेज दिया। अब्दाली इससे इतना आहत हुआ कि बदला लेने के लिए उसने पंजाब पर फिर से हमला बोला। यह हमला नहीं, बल्कि एक तरह का कत्लेआम था। इसमें हजारों सिख मारे गए, गांव के गांव साफ कर दिए गए। सिख इतिहास में इस नरसंहार को वड्डा घल्लूघारा के नाम से याद किया जाता है। जिन गांवों में यह कत्लेआम हुआ, वहां गुरुद्वारे भी बनाए गए हैं।

होलोकास्ट हो या घल्लूघारा, दोनों की स्मृतियां न भूलने लायक हैं। लोग इसे भूले भी नहीं हैं। मगर दोनों में एक बात समान है। दोनों में अतीत की कड़वाहट को वर्तमान की किसी नफरत में बदलने की कोशिश नहीं की जाती। इसे याद रखना इसलिए भी जरूरी है कि अचानक ही हम एक ऐसे दौर में पहुंच गए हैं, जहां सबसे ज्यादा दुरुपयोग अगर किसी चीज का होता है, तो वह है इतिहास। सोशल मीडिया के इस दौर में अतीत को जिस तरह से तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है और उसकी जिस तरह की व्याख्याएं हो रही हैं, उसमें इतिहास को लेकर सतर्क रहने की सबसे ज्यादा जरूरत है। इन दिनों इतिहास का इस्तेमाल वर्तमान में नए जुनून पैदा करने के लिए ही हो रहा है। बहुत से लोग भविष्य की इमारत इसी जुनून पर खड़ी करना चाहते हैं।

बेहतर यह होता कि विभाजन की विभीषिका के नैरेटिव को हम ऐसे सबक के रूप में विकसित करते, जो समाज को किसी भी अगली विभीषिका में फंसने से बचाता। ऐसे किसी संकल्प के बिना विभाजन की विभीषिकाओं को याद करने से हमारी कठिनाइयां बढ़ेंगी। ठीक यहीं पर हमें हिंदी लेखिका कृष्णा सोबती की चेतावनी को याद रखना चाहिए। वह खुद विभाजन और उसकी वजह से हुए विस्थापन की त्रासदी से गुजरी थीं। उन्होंने एक जगह कहा है- विभाजन को भूलना मुश्किल है, लेकिन उसे याद रखने के खतरे बहुत हैं।


**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# हम इंसानों के नाम-उपनाम भी अब गुम होने लगे हैं

दिलीप डिसूजा, कम्प्यूटर विज्ञानी

कुछ दिन पहले मेरी मित्र ने यह बताया कि उसका नाम 'शॉर्मिष्ठा' दुनिया में 42,13,784वां सबसे आम नाम है। कुल आठ शख्श इस नाम से बुलाए जाते हैं, जिनमें से छह भारत में और एक-एक कनाडा व अमेरिका में। जरूरी नहीं कि इस पर विश्वास ही किया जाए, पर मेरी रुचि इस बात में थी कि वास्तव में किसी ने इस तरह की जानकारी संकलित की है और इसे एक वेबसाइट पर सबके लिए उपलब्ध कराया है। इस तरह अब मैं यह जान सका हूं कि मेरा उपनाम दुनिया में 11,680वां सबसे आम है, और मेरा पहला नाम 399वां। हमारी दुनिया मुख्यत: पितृसत्तात्मक है, जहां ज्यादातर नाम पिता से लिए जाते हैं, यानी पिता से पुत्र को। इस तरह यह कह सकते हैं कि अधिकांश नाम पुरुषों के माध्यम से कायम रहते हैं। मगर यदि पुरुष के नाम दुर्लभ हों और उनका कोई बेटा न हो, तब क्या होगा? तब हमारी वंशावली से वह नाम गायब हो सकता है। बेशक, हमारे परिवार के बाहर भी वह नाम मौजूद हो, पर आशंका इसी बात की है कि वह नाम कालांतर में गायब हो जाए। यानी, दुनिया में ऐसे नाम अवश्य होंगे, जिनका अस्तित्व अब खत्म हो चुका होगा।

सिर्फ यही सच नहीं है। ऐसे गणितज्ञ हैं, जिन्होंने पारिवारिक नामों के प्रसार और विलुप्त होने के आसन्न खतरे की गणना की है। इसके लिए गैल्टन-वाटसन प्रक्रिया अपनाया गया है, जो बताती है कि नाम के विलुप्त होने की कितनी आशंका है। इस मॉडल की जड़ 19वीं सदी में है, जब विक्टोरियन इंग्लैंड में अभिजात वर्ग चिंतित हो गए थे कि उनके कुछ नाम लुप्त हो रहे हैं। इसी चिंता को कम करने के लिए फ्रांसिस गैल्टन ने गणना की। 1874 में वह और एच डब्ल्यू वाटसन ने मिलकर 'परिवारों के विलुप्त होने की आशंका' शीर्षक से एक शोध-पत्र भी प्रकाशित किया। हालांकि, असल जीवन इससे कुछ अलग होता है, और अन्य कारणों से भी नाम विलुप्त हो सकते हैं। जैसे, वर्तनी



बदलने से। मान लें कि नारायण नाम में तीसरे वर्ण 'आर' के बाद 'आई' का प्रयोग शुरू हो जाए, जैसा वेस्ट इंडीज मूल के एक खिलाड़ी करते हैं, तो उपरोक्त वेबसाइट पर 'आर' के बाद 'ए' वर्ण वाला नारायण शब्द कुछ समय के बाद नहीं दिखेगा। हम इसके लुप्त होने का शोक मना सकते हैं, पर वास्तव में यह नाम दूसरे रूप में जीवित रहेगा।

फिर भी, नामों का विलुप्त होना केवल 19वीं सदी में चिंता का विषय नहीं था। चीनी उपनामों का भी व्यापक रूप से अध्ययन किया गया है, खासकर इसलिए, क्योंकि उनका उपयोग सैकड़ों वर्षों से किया जा रहा है। 1991 के एक शोध-पत्र में दावा किया गया है कि 'साहित्य से जुटाए गए चीनी उपनामों की कुल संख्या 11,000 से अधिक है', फिर भी जिस चीनी आबादी का उन्होंने अध्ययन किया, उसमें लेखकों को महज 1,000 से अधिक उपनाम मिले। अनुमान है कि पूरे चीन में 3,000 के आसपास ही उपनाम हैं। तो, फिर बाकी का क्या हुआ? वे नाम इसलिए लुप्त हो गए, क्योंकि कुछ लोगों ने या तो तत्कालीन सम्राटों के नाम अपना लिए या उन नामों का सरलीकरण कर दिया गया होगा या फिर दुश्मनों से छिपने की जरूरत महसूस हुई होगी।

भारत में भी ऐसी कई जनजातियां हैं, जिनको अधिसूचित नहीं किया जा सका और जिन्होंने बाद में उच्च जातियों के नाम अपना लिए। इसका अनुभव मुझे महाराष्ट्र में हुआ, जहां पवार और गायकवाड़ उपनाम पारधियों के बीच बार-बार सुनाई दिए। उन्होंने ऐसा क्यों किया? ऐसा इसलिए, क्योंकि वे उस कलंक और पूर्वाग्रह से बचने की उम्मीद करते हैं, जो उनके अपने मूल नाम उनको दिला सकते हैं। नतीजतन, इन जनजातियों के खास नाम गायब हो गए हैं। 'खटपत्या' और 'फुलजेंड्या' ऐसे ही दो नाम थे, जिनके बारे में मुझे बताया गया। उपरोक्त वेबसाइट में ये नाम दिखते भी नहीं। गैल्टन-वाटसन प्रक्रिया को कई अन्य मामलों में भी आजमाया गया है, जैसे- बीमारियां कैसे फैलती हैं, या छोटी आबादी वाले जीव कैसे विलुप्त हो सकते हैं? बहरहाल, इन सबसे यह भी पता चला है कि प्रागैतिहासिक काल के हमारे पूर्वजों के पितृवंशीय वंशज आज बेहद कम हैं, यानी, उस काल में बनी कई वंशावली अब विलुप्त हो गई हैं। गैल्टन-वाटसन प्रक्रिया ऐसी जिज्ञासु खोजों में काफी मददगार साबित हुई है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair



DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी




JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### रंग लाई कलेक्टर की पहल, जिले के सभी 360 टीबी मरीजों के बने निक्षय मित्र

**गरियाबंद।** कलेक्टर आकाश छिकारा की पहल रंग लाई है। जिले के सभी 360 सक्रिय टीबी मरीजों के 360 निक्षय मित्र बन चुके हैं। निक्षय मित्र टीबी मरीजों के ईलाज में आवश्यक सहयोग करेंगे। साथ ही टीबी बीमारी से मुक्त होने में दवाईयों के साथ अन्य आवश्यक मदद करेंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने टीबी मरीजों की मदद और उनके टीबी बीमारी से उबरने में आवश्यक सहयोग करने के लिए शासकीय सेवकों और आमजनों से निक्षय मित्र बनने का आह्वाहन किया था। इसी तारतम्य में आमजनों सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों में भी टीबी मरीजों की मदद के लिए 3-3 हजार रूपये स्वास्थ्य विभाग में जमा कर निक्षय मित्र बने। निक्षय मित्र के इस सहयोग राशि से टीबी मरीजों के लिए आवश्यक दवाईयां और पोषक आहार का सहयोग किया जायेगा। कलेक्टर ने निक्षय मित्र बनाने के लिए किये गये आवश्यक सहयोग और कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बधाई दी है। जिले में टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए 15 अगस्त से टीबी मुक्त गरियाबंद अभियान चलाया जायेगा। इसके अंतर्गत जांच दलों द्वारा जिले में टीबी के मरीजों की पहचान की जाएगी तथा उनका इलाज किया जाएगा।

### सांसद ज्योत्सना महंत स्वतंत्रता दिवस पर सीएसईबी ग्राउंड पर करेंगी ध्वजारोहण

**कोरबा।** कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कोरबा जिले में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहेंगी। श्रीमती महंत सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में सुबह 09 बजे ध्वजारोहण करेंगी और सलामी लेंगी। मुख्य अतिथि श्रीमती महंत द्वारा जिलेवासियों के लिए प्रेषित मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रातः 8 बजे के पूर्व सम्पन्न कर लिए जाएंगे ताकि उन कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी जिले के मुख्य समारोह में शामिल हो सके। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मार्च-पास्ट एवं परेड का निरीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही गरिमामय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को रात्रि में जिले के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा एवं बड़े गांवों में गांव के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा।

# भरोसे का सम्मेलन : खड़गे बोले - सार्वजनिक कंपनियों को निजी हाथों में दे रही मोदी सरकार, सीएम बघेल से पूरा छत्तीसगढ़ खुश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष व राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने 70 सालों में कांग्रेस द्वारा देश के लिए किए गए कई कार्यो का उल्लेख किया। इस दौरान उन्होने छत्तीसगढ़ सरकार भी सराहना की और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की योजनाओं को जनकल्याणकारी बताया।**



मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सार्वजनिक कम्पनियों को निजी हाथों में दिया जा रहा है। भांगड़ा नागल, हीराकुंड बांध से लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र हमारी सरकार ने बनाया है। आजादी के बाद से हमने एम्स बनाया, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी खोली। बड़े बड़े कारखाने, टेक्सटाइल यूनिट बनाए, औद्योगिकरण को बढ़ावा दिया। देश को आगे बढ़ाने का काम किया। पंडित जवाहर लाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल ने पब्लिक सेक्टर को मजबूती देने का काम किया।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व की सरकार ने जो आपको भरोसा दिया उसे पूरा करके दिखाया छत्तीसगढ़ सरकार निडर होकर गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों का उत्थान करने के संकल्प को पूरा करने का कार्य कर रही है छत्तीसगढ़ सरकार न्याय योजना पर बेहतर ढंग से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व की सरकार ने सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य किया, किसानों का कर्ज माफकिया आज यहां का प्रत्येक नागरिक संतुष्ट है। छत्तीसगढ़ की सरकार न्याय योजनाओं से समाज के अलग अलग वर्गों को सीधे लाभान्वित करने का काम कर रही है। पूरे देश में इस तरह की यह अपने आप में अकेली योजना है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 'भरोसे के सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि जांजगीर-चांपा में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का नामकरण प्रथम महिला सांसद मिनीमाता के नाम पर होगा। उनका निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा रहा है। यहां 25 एकड़ में मेडिकल कॉलेज बनेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में अपने उद्बोधन में कहा कि विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी हमने जनता से किया अपना वादा निभाया। हमारी सरकार किसानों के साथ खड़ी है। कर्जमाफी, धान खरीदी का वादा हमने निभाया। उन्होंने कहा कि 20 अगस्त को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की अगली किश्त किसानों के खातों में आएगी।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि किसान, मजदूर, गरीब, महिला, युवा सभी वर्गों के उत्थान का कार्य हमारी सरकार कर रही है। हमने छत्तीसगढ़ के सभी वर्गों और समाज के संरक्षण और उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया है। विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग पौने 2 लाख करोड़ रूपए की राशि हितग्राहियों के खाते में डायरेक्ट ट्रांसफर हुई है। कोई बीच का आदमी नहीं है, हमने लोगों की जेब में सीधे पैसे डाले। इस साल हमने 107 लाख मीट्रिक टन धान किसानों से खरीदा। तीसरे दिन ही खाते में पैसे पहुंच जाते थे। इस साल 20 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदेंगे।

सीएम बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ पूरे देश में इकलौता राज्य है जहां मजदूरों को भी 7 हजार रुपए की सालाना सहायता राशि दी जा रही है। 13 लाख परिवार से हम तेंदूपत्ता 4000 रुपए प्रति मानक बोरा की दर पर खरीद रहे हैं। पूरे देश में गोबर कहीं नहीं खरीदा जाता लेकिन हमारे छत्तीसगढ़ में हम 2 रुपए प्रति किलो में गोबर खरीद रहे हैं। 42 लाख परिवारों को हम बिजली बिल हाफ योजना का लाभ दे रहे हैं। अब हम हर ब्लॉक में जैतखाम बनाएंगे। ग्राम पंचायत के माध्यम से सरपंच इसका निर्माण करवाएंगे। आज ऐसा कोई समाज नहीं है जो यह कह सके कि सरकार ने हमें जमीन या भवन निर्माण के लिए पैसे नहीं दिए हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को आज एक नई पहचान मिली है। रामायण महोत्सव, राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव, युवा महोत्सव जैसे आयोजन हम कर रहे हैं। खेती किसानी की तरफ लोग लौट रहे हैं। 12 लाख से बढ़कर अब 26 लाख किसान प्रदेश में राजीव गांधी किसान न्याय योजना से जुड़े हैं। धान के साथ अन्य फसलों को भी योजना के दायरे में लाया गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि 5 साल पूर्व किसानों की हालत खराब थी भ्रष्टाचार एवं कमीशन खोरी का बोलबाला था। हमने किसानों की स्थिति को मजबूत बनाया। पूर्व सरकार में बेरोजगारी भत्ता केवल 300 रूपये मिलता था हमने 1 लाख 22 हजार बेरोजगारो को 112 करोड रुपए दिए।

### हमारी दी हुई शिक्षा से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पिछले 70 सालों में हमने जो शिक्षा की बुनियाद रखी उसी बुनियाद पर चलकर मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने। छत्तीसगढ़ में भिलाई स्टील प्लांट की नीव हमारी सरकार ने रखी। हमारी सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाकर गरीब एवं आम जनता को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि यह भरोसे का सम्मेलन इसलिए हो रहा है क्योंकि आपके मुख्यमंत्री और उनके नेतृत्व की सरकार ने आपसे जो वादा किया था उसे पूरा किया।

## भरोसे का सम्मेलन : टैबलेट पाकर युवाओं के खिले चेहरे



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भरोसे के सम्मेलन कार्यक्रम में जिले में दसवीं और बारहवीं की प्रवीण्य सूची में मेरिट में आने वाले बच्चों को टैबलेट वितरित किया गया। टैबलेट पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आधुनिक संचार क्रांति के इस दौर में यह टैबलेट हमारे लिए उपयोगी साबित होगा।

बारहवीं की प्रवीण्य सूची में पहला स्थान हासिल करने वाली सुश्री कृति अग्रवाल , दूसरा स्थान हासिल करने वाले गोविन्द आदित्य को टैबलेट दिया गया। इसी तरह दसवीं की प्रवीण्य सूची में क्रमशः पहला दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वाले रविन्द्र कुमार साहू, सुश्री सौम्या साहू, सुश्री पायल यादव को भी टैबलेट का वितरण किया गया।

### तालाब के पट्टे, कोसा धागाकरण मशीन,सिलाई मशीन सहित अन्य सामग्रियों का किया गया वितरण

## 'भरोसे के सम्मेलन' में हितग्राहियों को मिला सुनहरे भविष्य का भरोसा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर-चाम्पा जिले में आज आयोजित भरोसे के सम्मेलन में जहाँ जिलेवासियों को 467 करोड़ 32 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिली, वही जिले के बेरोजगार, जरूरतमंद हितग्राहियों को रोजगार, आत्मनिर्भर होने और अपने पैरों में खड़े होने का अवसर भी मिला।



मुख्य अतिथि नेताप्रतिपक्ष राज्यसभा और सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों हितग्राहियों को अनेक योजनाओं के अंतर्गत सामग्रियां वितरित की गई। भरोसे के सम्मेलन में योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों ने कहा कि यह उनके सुनहरे भविष्य का एक मजबूत भरोसा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने हम गरीबों का ध्यान रखा, उसके लिए हितग्राहियों ने आभार भी जताया।

सम्मेलन में ग्राम नंदेली की जय माँ चंडी दाई स्व सहायता समूह को 10 साल के लिए तालाब में मछली पालन के लिए पट्टा मिला। समूह की अध्यक्ष श्रीमती पितर बाई ने कहा कि गाँव के तालाबों का पट्टा देकर मत्स्य पालन के लिए न सिर्फ जाल, आइसबॉक्स, बीज दिया जा रहा है, मछली पालन के व्यवसाय से जोड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए भी गरीबों और गाँव की महिलाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। आइसबॉक्स से लाभान्वित होने वाले ग्राम कमरीद के सूर्या युवा स्व सहायता समूह के अध्यक्ष ने बताया कि तालाब का पट्टा मिलने से मछली पालन के साथ रोजगार के नए अवसर मिला। ग्राम भडेसर की संगीता बाई, रेशमा बाई ने बताया कि उन्हें अंत्यावसायी विभाग से सिलाई मशीन मिला। वे सिलाई का काम करती है। शासन द्वारा 10 हजार रुपए के अनुदान मिला है। इतनी बड़ी राशि की छूट से उन्हें बड़ी राहत मिली है। अब नई मशीन से वह अपने सिलाई के व्यवसाय को और भी आगे बढ़ा पाएगी। कार्यक्रम में 219 हितग्राहियों को मशीन में अनुदान 21 लाख 90 हजार रुपये दिया गया। इसी तरह रेशम विभाग द्वारा 1940 हितग्राहियों को सिल्क समग्र योजना अंतर्गत कोसा धागाकरण के लिए 1 करोड़ 94 लाख रुपए की मशीनें दी गई। ग्राम पेंड्री की श्रीमती मां कुमारी और गोविंदा की कलाबाई पटेल बताया कि कोसा धागाकरण मशीन मिलने से अब उनका काम आसान हो गया है।

# शहर सरकार, प्रशासन और नागरिकों का संयुक्त अभियान

### कटिले झाड़ियों से पट चुके उद्यान को महज चार घंटे में संवारा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। इंटरनेशनल कालोनी तालपुरी बी ब्लाक स्थित नार्थ गार्डन को संवारने महाअभियान चलाया गया। रविवार को 4 घंटे तक सैंकड़ों लोगों ने श्रम दान किया। महापौर शशि सिन्हा व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री जितेन्द्र साहू के नेतृत्व में न केवल निगम अमला बल्कि सौ से भी अधिक तालपुरी के नागरिक एकत्र हुए थे।**



नार्थ गार्डन केवल नाम का रह गया था। यहां कटिले झाड़ी और खरपतवार को देख गार्डन के अंदर प्रवेश करने से रहवासी घबराते थे। सांप बिच्छु का भय पूरे साल बना रहता था। दृढ़ इच्छा शक्ति से नार्थ गार्डन को महज 4 घंटे में संवार दिया। शहर सरकार व निगम प्रशासन के साथ नागरिकों ने श्रमदान किया। नार्थ गार्डन को देख आस पास के रहवासियों ने खुशियां मनाई और जहां खड़े होने में भय खाते थे उसी स्थान पर खड़े होकर लोगों ने चाय का लुफ्त उठाया।

#### सुबह 6 बजे एकत्र हुए

दरअसल कुछ दिन पहले शहर सरकार समस्या सुनने बी ब्लाक तालपुरी पहुंची थी। जन चैपाल के बाद भ्रमण किया। तभी जनप्रतिनिधियों और पीसीसी महामंत्री की नजर गार्डन में पड़ी। उसी दिन नागरिकों की मांग पर महज कुछ घंटे में गार्डन को संवारने निर्णय लिया गया। रविवार को महापौर शशि सिन्हा, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र साहू सबसे पहले पहुंचे। इसके बाद हाथ बढ़ाने श्रृंखला बनते गई। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोर, एमआईसी चन्द्रभान सिंह ठाकुर, अनुप डे, सोनिया देवांगन, पार्षद सारिका प्रेम साहू, शीला नारखेड़े, सरिता साहू, जमुना ठाकुर, अमनदीप सोढ़ी, चन्द्रकांत कोरे, राजेन्द्र रजक, अमृत पाल सिंह, डी नारायण, एल्डरमेन संतूदास मानिकपुरी, संध्या वर्मा, शिशिर साहू आदि उपस्थित थे।

#### रंग रोंगन का कार्य शुरू

गार्डन के चारों ओर ग्रील लगा हुआ है। उद्यान के भीतर जंगल क्लीन होते ही निगम प्रशासन ने ग्रील व गेट में पेंट कराना शुरू कर दिया। साथ ही गार्डन में लगे वृक्ष की छटाई भी की गई। चार घंटे के अभियान में 10 ट्रेक्टर ट्राली कचरा निकाला गया।

#### संधारण कार्य के निर्देश

अभियान में रिसाली निगम आयुक्त आशीष देवांगन शामिल हुए। उन्होंने पार्क का निरीक्षण किया। टूटे झुले को बिना देरी किए सुधारने और गार्डन के भीतर बने पॉथवे का मरम्मत कर रंग रोंगन करने निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि महज 4 घंटे में गार्डन को संवारने का कार्य जन सहयोग और जनप्रतिनिधियों की इच्छा शक्ति के बिना संभव नहीं था।

## लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही प्रदर्शनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नेताप्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज रविवार को जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन खोखरा में भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाया गया जो लोगो के आकर्षण का केन्द्र रही। इस प्रदर्शनी में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को बहुत ही आकर्षक एवं सुरूचिपूर्ण ढंग से प्रदर्शित किया गया।

आमनागरिकों ने इसकी भूरी-भूरी सरहाना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पौने पांच वर्षों के दौरान आमनागरिकों के जीवन में काफी बदलाव आया है। सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से लोगों का जीवन स्तर सुधरा है और लोग सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहें हैं। मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं के जरिये आमजनता का दिल जीत लिया है। आज भरोसे के सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जिलेवासियों को 467 करोड़ 32 लाख 92 हजार रूपए के कुल 1043 विकास कार्यो की सौगात दिये। इनमें 87 करोड़ 24 लाख 21 हजार रूपए से अधिक के 192 विकास कार्यो का लोकार्पण एवं 379 करोड़ 78 लाख 71 हजार से अधिक रूपए के 851 विकास कार्यो का भूमिपूजन शामिल हैं।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...




### पर्युषण पर्व संयम के अंदर की निर्मलता के दर्शन कराता है: प्रवीण ऋषि

**रायपुर ( ए )।** संसार में कई उत्सव हैं, लेकिन जो उत्सव हमें परमात्मा से जोड़ता है, वह उत्सव है पर्युषण। जिस तप से सबकी आराधना हो जाये वह पर्युषण है। जिस उत्सव से व्यक्ति समाज से जुड़ जाए, उसे पर्युषण कहते हैं। उक्त बातें टैगोर नगर के लालगंगा पटवा भवन में चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान जैन संत प्रवीण ऋषि के कहीं। उन्होंने कहा कि पर्युषण पदार्थ नहीं प्रभु से जुड़ने का उत्सव है। संसार में जितने उत्सव मनाये जाते हैं वे सभी असंयम को उत्साह देने वाले हैं। पर्युषण पर्व संयम के अंदर की निर्मलता के दर्शन कराता है, महापुरुषों के जीवन से हमें जोड़ता है। उक्ताशय की जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने दी। चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला में रविवार को आचार्य प्रवर ने महावीर कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि विश्वभूति के जीवन में शांति का अनुभव नहीं था। उन्होंने सोचा कि सभी मेरा आदेश मानते हैं, लेकिन मैं खुद अपना आदेश नहीं मानता हूं। जैसे स्वयं को चाहते थे वैसे नहीं चला सकते थे। आचार्य प्रवीण ऋषि ने कहा कि विश्वभूति सोच रहे थे कि दूसरे मेरी बात मानते हैं, लेकिन मैं क्यों अपनी बात नहीं मानता हूँ। उनके अंतर्मन में द्वंद्व चल रहा था, एक भूकंप सा आया था। आचार्य ने कहा कि भूकंप आने से जमीन और जमीर का नक्शा बदल जाता है। भूकंप बाहर के हमले से नहीं धरती के अंदर हुए हमले से आते हैं। ऐसा ही विश्वभूति के साथ हुआ। फिर वह चल पड़े, जैसे कोई जख्मी शेर चल पड़ा हो। पिता ने रोकने की कोशिश की, नहीं रुके। रानी की आंखों से आंसू बाह रहे हैं, फिर भी नहीं रुके। और उन्हें रोकने की किसी में हिम्मत नहीं थी। वे बाहर निकले, सामने से संभूति आ रहे थे। विश्वभूति को देख संभूति को लगा मानों साक्षात महावीर चले आ रहे हों। उनके चेहरे पर संवेदना और आंखों में ज्वाला थी। संभूति ने आवाज दी, बंधु कहां जा रहे हो, लेकिन विश्वभूति को कुछ सुनाई नहीं दे रहा था। संभूति ने उनका हाथ पकड़ लिया। विश्वभूति ने हाथ छुड़ाने की कोशिश की लेकिन संभूति ने नहीं छोड़ा। प्रभु का हाथ को छोड़ सकता है भला। विश्वभूति मुड़ना नहीं चाहते थे, लेकिन फिर भी मुड़ गए। वहीं विश्वभूति को देककर लोगों को आश्चर्य हुआ कि लोगों के दु:ख दूर करने वाला आज दुखी है, जो हमेशा दोस्तों के साथ रहता था, आज अकेला है? संभूति को देख विश्वभूति की आंखों में आंसू आ गए। संत प्रवर ने कहा कि जो किसी का दु:ख महसूस कर सकता है वह संत होता है।

# इस बार महिला पुलिस बल का बैगपाइपर बैण्ड दस्ता रहेगा आकर्षण का केन्द्र

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूरी हुई तैयारी, पुलिस परेड ग्राउंड पर हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

### कलेक्टर-एसएसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### मुख्यमंत्री के सुरक्षा अधिकारी ने मुख्य अतिथि के रूप में किया ध्वजारोहण, सलामी भी ली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस का गरिमामय समारोह होगा। 15 अगस्त को सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस वर्ष समारोह में छत्तीसगढ़ महिला पुलिस बल का बैगपाइपर बैण्ड दस्ता आकर्षण का मुख्य केन्द्र होगा।



इस महिला दल द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज सुबह पुलिस परेड ग्राउण्ड पर फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा की मौजुदगी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने समारोह के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आज की फुल ड्रेस रिहर्सल में मुख्यमंत्री के सुरक्षा अधिकारी ने मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचकर ध्वजारोहण किया। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी भी ली। इस दौरान हर्ष फायर भी किए गए।

27 पुलिस अधिकारियों को दिए जाएंगे पदक अलंकरण- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वतंत्रता दिवस समारोह में 27 पुलिस अधिकारियों को पदक-अलंकरणों से भी सम्मानित करेंगे। समारोह में भारतीय पुलिस पदक, पुलिस वीरता पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक, गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा सराहनीय सेवा पदक और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पुरूस्कार दिए जाएंगे।

स्कूली विद्यार्थियों की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होगी- स्वतंत्रता दिवस समारोह में इस बार स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रायपुर के लगभग साढ़े तीन सौ विद्यार्थी आजादी के वीर सपूतों को यादकर उनके बलिदान पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगे। सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थी देश की एकता अखण्डता पर आधारित नृत्य की प्रस्तुती देंगे। रायपुरा के पं. गिरजा शंकर मिश्रा उच्चतर मा. विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गढबो नवा छत्तीसगढ़ की थीम पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रोत्साहित करने वाला सुवा नृत्य गीत प्रस्तुत करेंगे।

### 16 प्लाटून करेंगी आकर्षक मार्च पास्ट

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड पर उदित पुस्कर के नेतृत्व में 16 प्लाटून आकर्षक मार्च पास्ट करेंगी। परेड के टू आई सी गौरव सिंह होंगे। सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, सशस्त्र सीमा बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की पुरूष एवं महिला प्लाटून, छत्तीसगढ़ पुलिस, जेल पुलिस, नगर सेना की पुरूष एवं महिला प्लाटून और एनसीसी की बालक एवं बालिका प्लाटून के साथ अस्वरोही दल और पुलिस बैंड प्लाटून भी मार्च पास्ट में शामिल होंगी। इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह में उड़ीसा पुलिस की प्लाटून भी आमंत्रित मेहमान प्लाटून के रूप में मार्च पास्ट में शामिल रहेगी।

### कान्यकुब्ज महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया शिव-पार्वती विवाह

**रायपुर ( ए )।** कान्यकुब्ज महिला मंडल, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा बैरन बाजार के आशीर्वाद भवन में आचार्य गोविंद कृष्ण शास्त्री ने सप्त दिवसीय श्रीशिव महापुराण ज्ञानयज्ञ में भगवान शिव की लीलाओं का वर्णन किया। कथा के साथ ज्ञानपीठ शिक्षा का भी उल्लेख किया और भोले बाबा के अलग अलग स्वरूप ज्योतिर्लिंग एवं शक्तिपीठ का भी वर्णन किया।

कार्यक्रम की सुंदरता को कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने हर दिन अलग-अलग रंग की साड़ी पहनकर एकरूपता प्रदान की।

आचार्य ने बताया किस प्रकार से चंचला और बिंदु की शिव पुराण के श्रवण से शिवलोक में स्थान प्राप्त हुआ। कान्यकुब्ज महिला मंडल ने शिव पार्वती विवाह धूमधाम से मनाया। शिव जी की बारात में महिलाओं ने जमकर नृत्य किया ऐसा लग रहा था मानो स्वयं शिव पार्वती पृथ्वी पर आ गए हो। दूसरे दिन गणेश कार्तिकेय का जन्म उत्सव मनाया गया। गणेश और कार्तिकेय ने अपने बाल रूप की बहुत सुंदर छठा बिखेरी। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष और सचिव ने सपत्नीक रुद्राभिषेक किया इसके बाद कथा का समापन और भंडारे में सब ने प्रसादी ग्रहण कर कथा श्रवण का लाभ लिया।

## देशभर के बिल्डर्स व डेवलपर्स जुटेंगे राजधानी में, क्रेडाई की स्टेट कांफ्रेंस 21 अगस्त को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देशभर के डेवलपर्स और बिल्डर्स 21 अगस्त को राजधानी में एकजुट होंगे। छत्तीसगढ़ क्रेडाई की ओर से स्टेट कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लोगों को सस्ती कीमत में मकान उपलब्ध कराने के साथ ही कई नई तकनीकों पर विस्तार से बात की जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सम्मान भी किया जाएगा। इससे पहले 2020 में भी स्टेट कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था।



कोरोना की वजह से इस पर दो साल तक ब्रेक लगा रहा। अब एक बार फिर इसका आयोजन किया जा रहा है। क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय रहेजा, प्रोग्राम चेयरमैन आयुष मोदी और सचिव पंकज लाहोटी ने बताया कि कोरोना से अब तक कई नई पालिसी बन गई है। कई नई जानकारियां भी डेवलप हो गई है। इन सभी की जानकारी देने के लिए कांफ्रेंस में विषय विशेषज्ञों को भी बुलाया गया है। मे-फेयर नवा रायपुर में सुबह 10:30 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में क्रेडाई के नेशनल पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। शाम 7 बजे तक चलने वाले समारोह में 4 से 5 सेशन होंगे। इसमें टेक्निकल-एजुकेशनल जैसे विषयों पर प्रमुखता से चर्चा होगी। कांफ्रेंस में 300 से 350 बिल्डर्स-डेवलपर्स शामिल होंगे। समारोह में मुख्यमंत्री के साथ विशेष अतिथि के रूप में आवास व परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय निकाय मंत्री डॉ. शिव डहरिया, नेशनल क्रेडाई के अध्यक्ष मनोज गौर, नेशनल वाइस प्रेसिडेंट आनंद सिंघानिया शामिल रहेंगे।

## श्रेयांस ओझा फाउंडेशन ने नि:शुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

**रायपुर ( ए )।** वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन (छग) श्रेयांस एंड जी एस ओझा फाउंडेशन एवम एस के केयर हॉस्पिटल पचपेड़ी नाका, सर्विस रोड, लक्ष्मी नगर, रायपुर 50 बेड का नवनिर्मित सर्व सुविधा युक्त मल्टिस्पेस्लिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 13 अगस्त को प्रात: कालीन नि:शुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर का आयोजन एस के केयर हॉस्पिटल में किया गया।

शिविर में करीब 45 लोगों का विभिन्न रोगों से संबंधित बीमारियों का विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा परामर्श जांच और दवा भी दी गई, इसके साथ ही ब्लड प्रेशर शुगर, हिमोग्लोबिन नि:शुल्क जांच भी किया गया।

एस के केयर, के विशेषज्ञ डॉ पलक शर्मा, डॉ प्रियंका अग्रवाल, डॉ सकील अंसारी, डॉ महेंद्र साहू, डॉ अनिमेष बाला, डॉ अखिलेश साहू (कैंसर विशेषज्ञ) अभिषेक सोनी, तुमेंद्र साहू, मधु चंद्रवंशी, तोषण गिलहरे, रेणु साहू, शीतल साहू, आदि, ने सहयोग प्रदान किया वहा संजय नगर वार्ड पार्षद मो.समीर अख्तर, जज्बा फाउन्डेशन से हाजी मो. असलम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुशील ओझा,मो. रियाज साहनी, मो. एजाज खान, मो.रिजवान, मो.साजिद गुड्डू, मो. रजा खान, शामिल हुए।




### एससीओआई और रायपुर पुलिस का अभियान

# 3 हजार से ज्यादा यूथ को मिले नशे से दूर रहने, पर्सनल हेल्थ और हाइजीन के टिप्स

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया और रायपुर पुलिस ने एक खास अभियान चलाया। जिंदगी न मिलेगी दोबारा नाम के इस अभियान में 3 हजार से अधिक यूथ और स्टूडेंट्स को नशा मुक्ति, ट्रैफिक नियम,हेल्थ एंड हाइजीन पर जानकारी दी गई।

काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया राजधानी के पांच स्कूल में कार्यशाला आयोजित की गई। यहां एक्सपर्ट अभियान के विषयों पर बच्चों से बात करते। इसके बाद एक क्वीज होती जिसमें सही जवाब देने वालों को मिस जीनियस और मास्टर जीनियस का मेडल और सर्टिफिकेट दिया गया।




काउंसिल की महिला विंग की टीम ने भी यूथ के बीच ये अभियान चलाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद सरिता आकाश दुबे पहुंचीं। उन्होंने कहा कि मैंने भी इन वर्कशॉप्स में काम की बातें सीखीं। यूथ को ट्रैफिक रूल्स के बारे में बताया जाना बेहद जरूरी है। महिला विंग की महामंत्री राशि बलवानी ने कहा कि इस उम्र में जब बच्चे कक्षा 11वीं-12वीं में होते हैं उन्हें अच्छी-बुरी आदतों के बारे में बताना जरूरी होता है।

कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर मोगरे ने बच्चों को बताया कि आज के समय में इतनी मेहनत करनी होगी कि तुम्हें ये कहने का मौका ही न मिले कि किस्मत में नही था। आज हम जिस चीज के लिए फोकस होकर मेहनत करेंगे उसे जरूर पाएंगे, चाहे फिर आपने डॉक्टर, इंजीनियर या अफसर बनने का सपना देखा हो पूरा जरूर होगा।



ट्रैफिक पुलिस विभाग के अधिकारी टीके भोई ने स्टूडेंट्स को बताया कि गाड़ी चलाते समय सोशल मीडिया के लिए वीडियो न बनाएं, कोई स्टंट या जोखिम भरे अंदाज में गाड़ी न चलाएं। पार्किंग का ध्यान रखें। ओवरटेक से दूरी बनाएं, सिग्नल को जरूर फोलो करें। कार्यक्रम स्कूल सुपरवाइजर तृप्ति रॉय को सम्मानित किया गया।

## छत्तीसगढ़ में बारिश पर ब्रेक: बस्तर और सरगुजा संभाग में हो सकती है बूंदाबांदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीते 6 दिनों से मानसून पर ब्रेक लगा हुआ है। राज्य में बारिश नहीं होने से तापमान बढ़ा है और नमी तेजी से घटती जा रही है। प्रदेश के कई जिलों में उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। राजधानी रायपुर में सुबह से बादल छाए हुए हैं। रविवार को भी दिनभर हल्के बादल छाए रहे। वहीं बस्तर और सरगुजा के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग से जारी आंकड़ों के मुताबिक रविवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस था, जो सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यहां नमी 76-60 प्रतिशत तक थी। नमी घटने से उमस बढ़ रही है।

माना एयरपोर्ट में 32.5, बिलासपुर में 33.8, पेण्ड्रारोड में



31.8, अंबिकापुर में 29.9, जगदलपुर में 32.1, दुर्ग में 33.9 और राजनांदगांव में 33 डिग्री सेल्सियस था। राजनांदगांव में अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक था। पिछली रात रायपुर में न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस था, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को बलरामपुर, राजपुर, शंकरगढ़, कुसमी और आसपास के इलाकों में 3 सेंटीमीटर तक बारिश हुई। बताया गया है कि मानसून द्रोणिका हिमालय की तराई में चली गई है, जिसके कारण फिलहाल प्रदेश में अच्छी बारिश की संभावना नहीं है। आज को कुछ स्थानों पर हल्की - मध्यम बारिश हो सकती है।

### अगले 24 घंटे कैसा रहेगा मानसून का हाल

मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक मानसूनी द्रोणिका पश्चिमी छोर हिमालय की तराई में है और इसका दूसरा पूर्वी छोर गोरखपुर, दरभंगा, मालदा उसके बाद पूर्व की ओर पूर्व की ओर नागालैंड तक फैला हुआ है। प्रदेश में आज एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। कुछ जगहों पर आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। हालांकि तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा लेकिन उमस परेशान करेगी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR
BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# ड्रिम गर्ल 2 से पहले सोशल मीडिया पर बवाल मचा रहीं अनन्या पांडे



बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म ड्रिम गर्ल 2 के कारण सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटौर रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो अक्सर इंटरनेट का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, फैंस उनके लुक पर खूब सारा प्यार लूटा रहे हैं। एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपने फैशन स्टेटमेंट से अक्सर लोगों को हैरान कर देती हैं। वो हर बार अपने लुक्स के इंटरनटे का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अवतार देखकर फैंस का दिल मचल गया है। साथ ही लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अनन्या पांडे ने अपने इस फोटोशूट के दौरान ब्लू जींस और व्हाइट कलर का क्रॉप टॉप पहना हुआ है। एक्ट्रेस ने अपने इस टॉप के ऊपर से लॉन्ग ब्लेजर कोट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अनन्या पांडे कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक बिंदास लुक में पोज देते हुए फोटोज क्लिक करवा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया लवर हैं। वो इंस्टाग्राम पर जब भी अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और रिस्पॉन्स देते हैं।

# तेलुगु फिल्म से बड़े पर्दे पर दस्तक दे चुकी है गदर 2 की सिमरत कौर?

## ऐसे मिली सनी देओल की फिल्म



**गदर 2 शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और फिल्म को दर्शकों की खूब वाहवाही मिल रही है। सिनेमाघरों के बाहर दर्शकों की कतार लगी है। गदर के प्रशंसक पर्दे पर तारा सिंह, सकीना और जीते को फिर से देखने का इंतजार कर रहे थे। इस बार फिल्म में एक नया किरदार जुड़ गया है, मुस्कान। मुस्कान का किरदार अभिनेत्री सिमरत कौर ने निभाया है। फिल्म रिलीज होने के बाद उनकी काफी चर्चा हो रही है।**


सिमरत मूल रूप से पंजाबी हैं। उनका जन्म 16 जुलाई, 1997 को मुंबई में हुआ था।भले ही गदर से उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू किया है, लेकिन बड़े पर्दे पर उन्होंने तेलुगु फिल्म के जरिए 2017 में ही दस्तक दे दी थी। प्रोमाथो मी से उन्होंने डेब्यू किया था। इसके बाद वह कुछ अन्य फिल्मों में भी नजर आईं। वह मीका सिंह के रोमांटिक गाने तेरे बिन जिंदगी में भी नजर आ चुकी हैं।

उन्होंने साउथ की फिल्मों से होते हुए बॉलीवुड में कदम रखने पर बात की। उन्होंने कहा, इन चीजों की योजना नहीं होती। मैंने एक साथ दोनों जगह ऑडिशन दिया था। वहां पहले चयन हो गया, तो वहां काम करना शुरू कर दिया।उन्होंने कहा कि उन्होंने बहुत सारे ऑडिशन दिए थे, लेकिन अब इतनी बड़ी फिल्म से डेब्यू कर रही हैं, तो इतने ऑडिशन देने का कोई गम नहीं है।

गदर 2 के लिए करीब 600 लड़कियों में से सिमरत को चुना गया था। उन्होंने इसके लिए 7-8 ऑडिशन दिए थे। साथ ही उनके कई लुक टेस्ट भी हुए थे। करीब 2 महीने के प्रकिया के बाद मुस्कान के लिए उनका नाम तय किया गया था। सिमरत का चयन तब हुआ था जब फिल्म की शूटिंग पालमपुर में हो रही थी। वहां भी उनके साथ ऑडिशन में 6 लड़कियां आई थीं।

भले ही फिल्म में मुस्कान का स्क्रीन स्पेस कम था, लेकिन फिल्म की कहानी में उनकी अहम भूमिका था। अपने छोटे किरदार में ही उन्होंने लोगों को आकर्षित किया है। फिल्म में वह एक चुलबुली पाकिस्तानी लड़की के किरदार में हैं, जो तारा सिंह के बेटे जीते की प्रेमिका बन जाती है। वह अपने अब्बू की लाडली और राजेश खन्ना की फैन है। हिंदी फिल्मों की शौकीन मुस्कान की अदाएं भी हिंदी फिल्मों की अभिनेत्रियों की तरह हैं।

# गले की खुजली से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे



**किसी भी मौसम में गले में खुजली या खराश की समस्या हो सकती है। यह समस्या एलर्जी और सं मण के कारण हो जाती है, लेकिन अब आपको इसके बारे में अधिक चिंता करने की जरूरत नहीं है। कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं। अगर आप समस्या के शुरुआती संकेतों में ही इन नुस्खों को आजमाने लगेंगे तो आप इससे जल्दी राहत पा सकेंगे। चलिए फिर आज इसी से जुड़े 5 असरदार नुस्खे जानते हैं।**

### नमक वाले पानी के गरारे करें

यह नुस्खा गले की खुजली से राहत पाने के लिए प्रभावी है। पानी और नमक का मिश्रण गले में खुजली पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मार सकता है, दर्द को कम कर सकता है और बलगम को बाहर भी निकाल सकता है। लाभ के लिए सबसे पहले एक गिलास गुनगुने पानी में आधी चम्मच नमक मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण से गरारे करें। बेहतर परिणाम के लिए इस उपाय को रोजाना 2-3 बार दोहराएं।

### शहद का सेवन करें

शहद मजबूत एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है, जो खुजली, जकड़न, खराश और दर्द सहित गले की परेशानी को कम कर सकता है। यह गले को परेशान करने वाले वायरल संक्रमण से छुटकारा पाने में भी मदद कर सकता है। लाभ के लिए सुबह एक चम्मच शहद का सेवन करें या फिर नींबू और शहद की चाय बनाकर पीये। गला खराब होने पर इन चाय का सेवन भी किया जा सकता है।

### ह्यूमिडिफायर का करें इस्तेमाल

अगर आप ऐसी हवा में सांस ले रहे हैं, जिसके कारण आपके गले में खुजली हो रही है तो ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल किया जा सकता है। यह आसपास की हवा में नमी जोड़ता है, जिसके कारण आपको सांस लेने में मदद मिलती है। इसके अलावा अगर आपको बलगम की भी समस्या है तो उस दौरान भी यह आपके काम आ सकता है। घर में ह्यूमिडिफायर के इस्तेमाल से ये अन्य फायदे भी मिलते हैं।

### सूप बनाकर पीये

गले में खुजली होने की समस्या से राहत पाने के लिए आप गरमागरम सूप भी पी सकते हैं। इससे आपके गले को आराम मिलेगा और खुजली, खराश और दर्द जैसी परेशानियों से राहत भी मिलेगी। यह खुद को हाइड्रेट रखने और गले में जलन को कम करने का एक आसान और स्वादिष्ट तरीका है। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि सूप बहुत गर्म या मसालेदार न हो। दाल का सूप बनाने के लिए इन रेसिपीज को ट्राई करें।

### हर्बल चाय

हर्बल चाय शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-वायरल और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होती है। इस कारण यह गले की खुजली से राहत दिलाने और गले को आराम पहुंचाने में मददगार है। इसके लिए आप कैमोमाइल चाय, लिकोरिस चाय, ग्रीन टी, दालचीनी की चाय, अदरक की चाय या थाइम चाय चुन सकते हैं। ये आपके गले में खुजली पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ सकते हैं।बेहतर परिणाम के लिए अपनी पसंदीदा हर्बल चाय को दिन में 2 बार पीये।

## क्या आपने कभी वॉटर एप्पल खाए हैं?

# अगर नहीं तो आज से खाना शुरु कर दें, शरीर को मिलेंगे ये 6 फायदे

शरीर को बीमारियों से बचाने के लिए पोषक तत्वों से भरपूर फल और सब्जियों का सेवन करने की जरूरत होती है। सेब, केला, अमरूद और अंगूर जैसे फलों का सेवन तो हर कोई करता देखा जाता है। आप ज्यादातर फलों के फायदों के बारे में भी भलिभांति जानते होंगे। लेकिन क्या आपने कभी वॉटर एप्पल का नाम सुना है या कभी इस करिश्माई फल का सेवन किया है? अगर नहीं तो आज हम आपको इस फल के ऐसे फायदों के बारे में बताएंगे, जिन्हें जानने के बाद आप वॉटर एप्पल का सेवन करना भी शुरू कर देंगे। वॉटर एप्पल एक उष्णकटिबंधीय फल है, जो दक्षिण-पूर्व एशिया में ज्यादातर देखा जाता है। यह फल भारत के भी कुछ राज्यों जैसे- केरल और आंध्र प्रदेश में भी पाया जाता है। आइए जानते हैं आपको वॉटर एप्पल क्यों खाना चाहिए।

### वॉटर एप्पल क्यों फायदेमंद

**बॉडी को रखता है हाइड्रेट:-** गर्मी के मौसम में अक्सर शरीर में पानी की कमी देखी जाती है और डिहाइड्रेशन हो जाता है। इस समस्या से बचने के लिए आप वॉटर एप्पल का सेवन कर सकते हैं। यह शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है और डिहाइड्रेशन से बचाता है।

**एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर:-** वॉटर एप्पल गैलिक एसिड, टैनिन और क्वेरसेटिन जैसे स्ट्रॉन्ग एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। ये फ्री रेडिकल्स से शरीर को होने वाले नुकसान से बचाता है। इसके अलावा, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन को भी कम करता है।


**वजन घटाना:-** वॉटर एप्पल का सेवन करके आप अपने बढ़े हुए वजन को भी कम कर सकते हैं। इसमें प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो पेट को लंबे वक्त तक भरे रखने का काम करता है। इससे आपको कुछ भी अनहेल्दी खाने की क्रेविंग नहीं होगी और आप ओवरईटिंग से भी बचे रहेंगे।

**डायबिटीज:-** डायबिटीज के मरीजों के लिए भी वॉटर एप्पल बहुत फायदेमंद है। क्योंकि इसमें पॉवरफुल एंटीहाइपरग्लाइसेमिक गुण पाए जाते हैं, जिसका मतलब है कि इसका सेवन करने से ब्लड शुगर के लेवल को कम किया जा सकता है। बायोएक्टिव क्रिस्टलीय अल्कलॉइड जंबोसिन वॉटर एप्पल में मौजूद होता है। ये स्टार्च को शुगर में तब्दील होने से रोकता है। यही वजह है कि वॉटर एप्पल खाने से ब्लड शुगर का लेवल कंट्रोल में रहता है।

**दिल के स्वास्थ्य में सुधार:-** वॉटर एप्पल में पोटेशियम की मात्रा अच्छी खासी होती है। यही वजह है कि इसे खाने से दिल को सेहतमंद रखने में मदद मिलती है और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या भी दूर हो सकती है।



# पुष्पा 2: द रूल से अल्लू अर्जुन के फर्स्ट लुक को मिले 7 मिलियन लाइक्स




अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल के फर्स्ट लुक पोस्टर ने सोशल मीडिया की दुनिया में तहलका मचा दिया है और इंस्टाग्राम पर इसे सात मिलियन लाइक्स मिले हैं। निर्माताओं ने आइकन स्टार के जन्मदिन के विशेष अवसर पर फिल्म से पुष्पा राज के रूप में अल्लू अर्जुन का बहुप्रतीक्षित फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया था।

सोशल मीडिया पर खबर साझा करते हुए, माइथ्री मूवी मेकर्स ने लिखा: आइकन स्टार अल्लूअर्जुन का राष्ट्रव्यापी नियम पुष्पा2: द रूल फर्स्ट लुक ने एक सनसनीखेज रिकॉर्ड बनाया, इंस्टाग्राम पर 7 मिलियन लाइक्स पाने वाला पहला भारतीय फर्स्ट-लुक पोस्टर बन गया।

अपनी घोषणा से ही, पुष्पा 2: द रूल ने दर्शकों के दिमाग पर एक महत्वपूर्ण छाप छोड़ी है, जिसने इसकी सफलता की मिसालें कायम कीं, जब निर्माताओं ने एक बड़े अभियान के साथ पहला पोस्टर जारी किया, जो लगभग हर क्षेत्र में पहुंचा। देश के छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक। पिछले महीने, अभिनेता ने दर्शकों की बहुप्रतीक्षित प्रत्याशा को तेज कर दिया था, और एक कार्यक्रम में पुष्पा 2 द रूल के एक संवाद का खुलासा किया था।

स्टार से उनकी आगामी फिल्म की एक छोटी सी झलक देने के लिए कहा गया था, और अल्लू अर्जुन ने एक संवाद उद्धृत करते हुए कहा: ईदंथा जारिगेदी ओकाते रूल मीडा जारुगुतानादादी, पुष्पा गाडी रूल।

पहली किस्त पुष्पा: द राइज में लाल चंदन की तस्करी सिंडिकेट में कुली पुष्प राज (अल्लू अर्जुन) के उदय को दर्शाया गया है, जो केवल आंध्र प्रदेश में चित्तूर की शेषचलम पहाड़ियों में उगता है।

पुष्पा 2 द रूल सुकुमार द्वारा निर्देशित है और इसमें अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल ने अभिनय किया है। फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा किया गया है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### खुटेरा ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, सचिव ने 17 कुपोषित बच्चों को लिया गोद



**जशपुर।** कंसाबेल विकासखंड के ग्राम पंचायत खुटेरा के सरपंच, उपसरपंच, सचिव, सुपरवाइजर, मितानिन ने 17 कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें केला, अंडा, दूध, खिचड़ी खिलाने की जिम्मेदारी लेकर बच्चों को सुपोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं जिससे कुपोषित बच्चों में निरंतर वजन की बढ़ोतरी हो रही है और बच्चे सामान्य स्थिति में आ रहे हैं। साथ ही बच्चो के माता पिता व घर के अन्य सदस्य को भी बच्चे की व्यक्तिगत साफसफाई ,घर में भी संतुलित भोजन खिलाने पर विशेष ध्यान देने की समझाइश दी जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर श्रीमती रजनी केरकेट्टा ने बताया कि कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए सरपंच ,उप सरपंच, सचिव, वार्ड पंच एवं अन्य स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को सुपोषित करने के लिए सहयोग का हाथ बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत खुटेरा सरपंच श्री हर्ष विजय, उप सरपंच श्री मायाराम, सचिव श्रीमती चंद्रावती बाई के द्वारा खुटेरा पंचायत के 17 कुपोषित बच्चों को सामान्य स्थिति में लाने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है। उनके द्वारा केला, अंडा, दूध, खिचड़ी आदि प्रदाय किया जा रहा है जिससे कुपोषित बच्चों के वजन में निरंतर वृद्धि हो रही है। उनके द्वारा बच्चों को देखभाल के लिए गोद लिया गया है। सुपरवाइजर श्रीमती रजनी केरकेट्टा के द्वारा बताया गया कि पांच गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र भेजा गया था वापसी के बाद चार बच्चे मध्यम श्रेणी में आ गए हैं बच्चों का वजन बढ़ रहा है। विशेष पौष्टिक भोजन खिलाया जा रहा है।

### भारत निर्वाचन आयोग ने जिले में चल रहे स्वीप गतिविधियों को सराहा

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता के लिए जिले में स्वीप कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं। जिसे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार सराहा जा रहा है। युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नये मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत बोईरदादर स्टेडियम में बड़ी संख्या में कालेज एवं स्कूली बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से न्यू वोटर्स एवं भारत निर्वाचन आयोग के प्रतीक चिन्ह की आकृति तैयार की गई थी। आयोजित स्वीप कार्यक्रम की सराहना करते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने वीडियो एवं फोटो को अपने सोशल मीडिया पेजेस में शेयर कर लोगों से मतदान की अपील की हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री सिन्हा के दिशा-निर्देशन में आगामी निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 02 अगस्त से विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका जो आगामी 31 अगस्त तक किया जाएगा। जिसमें नए मतदाताओं को जोडने् के साथ लोगों को मतदान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### प्रधान डाकघर के कर्मचारियों ने निकाली तिरंगा रैली

**कोरबा।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों को प्रेरित और जागरूक करने के लिए डाक विभाग कोरबा के कर्मचारियों द्वारा मुख्य डाकघर से तिरंगा रैली निकाली गई जो सुभाष चौक, घंटाघर चौक होते हुए वापस डाकघर में आकर समाप्त हुई। प्रधान डाकघर के डाकपाल विजय कुमार दुबे ने बताया कि हर घर तिरंगा-हर मन तिरंगा भारत माता की जय, वंदे मातरम, डाक विभाग ने ठाना है कि हर घर तिरंगा पहुंचाना है आपका दोस्त.इंडिया पोस्ट विजयी विश्व तिरंगा प्यारा-झंडा ऊंचा रहे हमारा के उद्घोष के बीच गुंजायमान होता डाक विभाग का यह अभियान विगत वर्ष से जारी है, जिसमें 13 अगस्त से 15 अगस्त तक आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अभी तक प्रधान डाकघर के माध्यम से 20 हजार तिरंगे की बिक्री की गई है एवं लोगों को विभिन्न माध्यमों से अपने घरों में तिरंगा फ्हराकर आजादी के अमृत महोत्सव में भागीदारी निभाने हेतु जागरूक किया जा रहा है, तिरंगा रैली में डाक विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# शहीद चुम्मन यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधायक देवेंद्र यादव ने शुरू की तिरंगा यात्रा, शहीद की मां भी साथ चली

श्रीकंचपनथ न्यूज



**भिलाई।** तिरंगा यात्रा के दूसरे दिन की शुरुआत खुर्सीपार से की गई। शहीद चुम्मन यादव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और उन्हें प्रणाम करते हुए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। बच्चे भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी,सुभाषचंद्र बोस, गांधी जी, भगतसिंह बन कर यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में विधायक देवेंद्र यादव के साथ चुम्मन यादव की माता भी साथ चले विधायक को आशीर्वाद देते हुए उनके साथ यात्रा में शामिल हुई।

यात्रा में सबसे खास बात यह रही कि जैसे ही तिरंगा यात्रा बापू नगर में प्रवेश की क्षेत्र के दो बार के पूर्व पार्षद गुड्डू खान ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की तिरंगा यात्रा का भव्य तरीके से स्वागत किया। सभी को पुष्प माला पहनाया और तिलक लगाकर भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की जय जय कार करते हुए यात्रा का स्वागत किया। साथ ही पूर्व पार्षद गुड्डू खान ने अपने सैकड़ों लोगों के साथ कांग्रेस भी प्रवेश किया।

इस अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने उन्हें कांग्रेस का गमछा पहनाकर गले लगाया और मिठाई खिलाकर कांग्रेस में प्रवेश प्रवेश के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। कांग्रेस प्रवेश के लिए उनका स्वागत किया और मिलकर भिलाई की भलाई के लिए काम करने के हाथ मिलाया। तिरंगा यात्रा में सबसे आकर्षण और मनमोहक का केंद्र क्षेत्र के नन्हे मुन्ने प्यारे बच्चे हैं। जो रंग बिरंगी वेशभूषा धारण करके यात्रा में शामिल हुए हैं। कोई भारत माता बनी है तो कोई छत्तीसगढ़ महतारी की वेशभूषा धारण किए हुए है। साथ ही वही कुछ बच्चे महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह की वेशभूषा धारण कर हाथ में तिरंगा लहराते हुए यात्रा में कदम से कदम मिला रहे हैं। इन बच्चों को देखकर लोग भी काफी उत्साहित हैं। सबसे ज्यादा क्रेज क्षेत्र के युवाओं में देखने को मिल रहा है। हर घर से हर गली से युवा इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं और भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के साथ हाथ में तिरंगा लहराते हुए कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भी शामिल हुए हैं। आज जब खुर्सीपार क्षेत्र में तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई तब 1000 से अधिक महिलाएं अपने घर से निकल कर आए और यात्रा में शामिल हुए और जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती गई एक वार्ड से दूसरे वार्ड दूसरे से तीसरे वार्ड पहुंच गई। महिलाओं की तादाद हजारों की संख्या में महिलाएं विधायक देवेंद्र यादव के साथ यात्रा में शामिल हुए ।

### समाज के लोगों ने किया स्वागत,किसी ने चावल दिये तो किसी ने दिया प्यार और आशीर्वाद

तिरंगा यात्रा के दौरान भिलाई नगर विधायक का सभी समाज के लोगों ने जम कर स्वागत किया। सभी ने अपने अपने तरीके से स्वागत किए। किसी ने विधायक को चावल भेंट किए तो किसी ने प्यार और आशीर्वाद भी दिया। खुर्सीपार क्षेत्र के बीईसी चौक से नंदी चौक से हॉस्पिटल लाइन से कारगिल चौक से जागृति स्कूल लाइंस युवा अंकुश चौहान मंगल बाजार शंकर नगर सिद्धेश्वरी मंदिर होते हुए जागृति मंच से नेपाल मोहल्ला पहुंचे। फिर इसके बाद बापूनगर हॉस्पिटल के सामने रेस्ट किया। 15 मिनट के रेस्ट के बाद फिर से तिरंगा यात्रा अपने लक्ष्य की ओर आगे निकल पड़ी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बापू नगर से शासकीय स्कूल, सरकारी स्कूल जलाराम चौक अंबेडकर भवन, गार्डन के सामने पंचमुखी हनुमान मंदिर , कौशल्या साहू के घर के से होते हुए दुर्गा मंच लक्ष्मी चौक से मस्जिद रोड पहुंचे। इसके बाद सुबह करीब 10 बजे वार्ड 42 गौतम नगर, अरविंद सिंह के घर के सामने से होते हुए कुष्ठ आश्रम पहुंचे। जहां लोगों से मिले और मूर्तिकार लाइन से गोल्डन चौक पहुंचे। 11 बजे वार्ड 39 गोल्डन चौक से मां बमलेश्वरी मंदिर से युवा मंच होते हुए सागर विद्यालय, गोवर्धन चौक, नंदिनी रोड, होटल आशीष के बगल से तेलुगू मोहल्ला गौतम नगर चौक कैनल रोड में प्रवेश किया। 12 बजे वार्ड 38 कैनल रोड चौक जैन मेडिकल के बगल से दुर्ग पर बैरागी बस्ती से सड़क, 16 गली स्ट्रीट लाइट, सोनिया गांधी, शिवालय में एमपीआर रोड में पोस्ट ऑफिस मतदान में विश्राम किये। यही पर शिवालय में तिरंगा यात्रा में शामिल सभी सम्मानित जनों ने दोपहर का भोजन किया और करीब 1 घंटे के विश्राम के बाद पोस्ट ऑफिस मैदान से फिर से यात्रा शुरू हुई। जो गुरुद्वारा के बाजू से सड़क 27, 28, 29 से गवर्नमेंट स्कूल से दुर्गा मैदान फिर बजरंगी होटल से सुभाष चौक श्री राम चौक उड़िया बस्ती, नेपाली मुहल्ला श्रद्धा मुंडेश्वरी स्कूल कन्या विद्यालय तिवारी आटा एनएवी स्ट्रीट प्रदर्शनी मार्केट से होते हुए रात करीब 7:30 बजे स्टेडियम के सामने जी रोड होते हुए वार्ड 51 भ्रमण करते हुए पावर हाउस चौक भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण की है।

### घर-घर में हो रहा भव्य स्वागत

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव आजादी की 76वीं वर्षगांठ के अवसर पर 76 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा कर रहे हैं। तिरंगा यात्रा की शुरुआत गत दिनों की गई। पूरे टाउनशिप क्षेत्र का 40 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने पूरे टाउनशिप के अभी सेक्टर-1 तक सभी वार्ड और सभी गलियों से होते हुए यात्रा पूरा किए। इसी के साथ आज दूसरे दिन जब वे खुर्सीपार पहुंचे तो वहाँ भी घर घर मे उनका लोगों ने जम कर स्वागत किया। घर घर मे माताओं और बहनों ने इस तिरंगा यात्रा के लिए उनकी आरती उतारे तिलक लगाएं और आशीर्वाद दिए। वही युवाओं ने यात्रा के रास्तों पर पुष्प बिछाए। गली गली में जोरदार स्वागत किए और पटाखे फोड़े। पूरा खुर्सीपार तिरंगा यात्रा की रंग में रंग गया है। हजारों लोग डीजे की धुन में बजते देश भक्ति गीत में झूमते उठे। पूरा खुर्सीपार में आज उत्साह का पर्व का उमंग का माहौल है।

## गायों की सेवा से मिलती हैं खुशी



श्रीकंचपनथ न्यूज

**दुर्ग।** जीव दया की सही परिभाषा आपको अगर आपको जानना है तो वास्तव में दुर्ग के इंदर चंद लुनिया जिनकी हम गौ सेवा की लिए जितनी अनुमोदना करे शायद कम हैं।अपनी दैनिक दिनचर्या के बीच अपने 65 साल के उम्र के बीच उनकी ऊर्जा देखकर सच में ऐसा लगता हैं जैसे इनका रिश्ता हैं इन बे-ज़ुबान जीवों से सदियो से हो , अपने दिन की शुरुआत वो इन बे-ज़ुबान जीवों से करते है।

गाड़ी की हॉर्न सुनते उनके पास दौड़ते आ जाते और लिपट जाते है साल के 365 दिन सुबह, दोपहर , रात सब्ज़ी , रोटी, गुड खिला कर वो पुण्य का कार्य कर रहे इनकी सेवा को नमन है हम सब भी इनकी सेवा से प्रेरणा ले के अपने जीवन उतारे।इंदर चंद जी लुनिया का कहना है गौ-सेवा का कार्य मैं पिछले काई वर्षों से करते आ रहाँ हूँ।यें सेवा करके मुझे जो आनंद की अनुभूति प्राप्त होतीं है।

उसे शब्दों में बया नहीं किया जा सकता।सभीं से आग्रह किया है की वे भी कुछ समय इन- ज़ुबान जीवों के लिए दे और सेवा करे।गाय में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास बताया गया है और गौमाता के शरीर के अंगों में देवी देवताओं के वास की कथाओं में प्रचलित हैं गौमाता को चलता फिरता मंदिर की माना जाता है हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार गाय को गौमाता भी कहा जाता है ।

## जांजगीर में कांग्रेस सरकार के प्रति छत्तीसगढ़ की जनता का अटूट भरोसा दिखा - दीपक बैज

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जांजगीर में कांग्रेस सरकार के प्रति छत्तीसगढ़ की जनता का अटूट भरोसा दिखा। भरोसे का सम्मेलन कांग्रेस की और कांग्रेस सरकार की सफलता की झांकी है। अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की गरिमामय उपस्थिति में कांग्रेस सरकार अपनी उसी उपलब्धियों का प्रदर्शन हितग्राहियों ने किया।



जांजगीर-चांपा के भरोसे का सम्मेलन 2023 के विधानसभा चुनाव का आईना है। यहा उपस्थित जनता का प्यार बताने के लिये पर्याप्त है कि 2023 में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। छत्तीसगढ़ के न्याय की बयार बह रही है। कांग्रेस सरकार युवाओं, किसानों मजदूरों, आदिवासियों, अनुसूचित जाति सभी के साथ न्याय कर रही राज्य की न्याय योजनाये इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। पंजीकृत भूमिहीन परिवारों को आर्थिक मदद देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना की शुरुआत की है, योजना के माध्यम से उन मजदूरों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है जिनके पास अपनी जमीन का एक छोटा सा टुकड़ा भी नहीं है और न ही आय का कोई अन्य साधन है।चरवाहा, बढई, लोहार, मोची, नाई, धोबी और पुरोहित जैसे पारंपरिक काम से जुड़े लोगों को भी इस योजना में शामिल किया गया है। यही कारण है कि सरकार और कांग्रेस के प्रति जनता का भरोसा बढ़ा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साढ़े चार साल पहले कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जनता से वायदा किया था उसको तो पूरा किया ही उसके अलावा राज्य की जनता के भलाई के लिये कांग्रेस सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाये जिससे राज्य के हर वर्ग के जीवन स्तर में व्यापक परिवर्तन आया। भरोसे का सम्मेलन उसी की जीवंत झांकी है जिसमें हितग्राही कांग्रेस पर कांग्रेस की सरकार पर भरोसा जताते है। कांग्रेस राज के साढ़े चार साल में लोगो को भरोसा कांग्रेस के प्रति और बढ़ा है। यही कारण है कि 2018 का विधानसभा चुनाव दो तिहाई से जीतने के बाद कांग्रेस ने लगातार पांच उपचुनाव नगरी निकाय चुनाव, पंचायत चुनाव में प्रचंड बहुमत से जनता का भरोसा जीता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार जनता के प्रति अपने उत्तरदायित्व का बेहतर ढंग से निर्वहन कर रही है जनता ने जिस विश्वास के साथ कांग्रेस को चुना उस विश्वास को पूरा कर रही है। राज्य निर्माण के बाद 15 साल तक भाजपा की सरकार रही उस दौरान किसान, भूमिहीन कृषि मजदूर गांव में रहने वाले लोहार बढाई नाई ग्राम पुजारियों परिवारों के बारे में कभी भी सोचा नहीं गया था। कांग्रेस सरकार बनने के बाद सभी वर्गों के साथ न्याय किया जा रहा है जब न्याय की बात होती है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के 25 लाख से अधिक धान बेचने पंजीकृत किसानों के अलावा गन्ना मक्का कोदो कुटकी रागी दलहन तिलहन फलदार वृक्ष और सब्जी लगाने वाले किसानों को भी आर्थिक प्रोत्साहन राशि देकर कृषि क्षेत्र को लाभकारी बनाने और कृषि को प्रोत्साहन देने की सबसे बड़ी योजना देश में बनकर उभरी है।

चेम्बर के पदाधिकारियों ने निगम आयुक्त रोहित ब्यास से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौपा

# भिलाई का सबसे पुराना पावर हाउस बाजार को आदर्श बाजार बनाने की रखी मांग

श्रीकंचपनथ न्यूज

भिलाई। छग चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई के पदाधिकारियों ने नगर पालिक निगम आयुक्त रोहित ब्यास से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौपा। महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा सभी बाजार आदर्श बाजार के तहत भिलाई का सबसे पुराना बाजार पावर हाउस बाजार को आदर्श बाजार बनाने की योजना के लिए चेम्बर ने पहल की थी।



इस विषय पर निगम ने कोई सकारात्मक कदम नही उठाया है। आदर्श बाजार बनाने की योजना को मूर्त रूप देने का कार्य प्रारंभ नही हुआ है। उन्होंने बताया कि बाजारों में पिंक टॉयलेट, पार्किंग व्यवस्था , प्रकाश व्यवस्था व बाजार की सड़कों को पुन: बनाने के लिए महापौर भिलाई व अधिकारियों के साथ योजना को क्रियान्वन करने की चर्चा की गई थी।लेकिन आज तक उस योजना पर कोई भी कार्य प्रारंभ नही हो पाया है।

भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्र ने आयुक्त महोदय को जानकारी दी कि आज बाजारों की स्थिति और भी खराब हो चुकी है,बाजारों में रोड जर्जर हो गए है,पानी की निकासी नही होने की वजह से दुकानदार परेशान है एवम टॉयलेट भी जर्जर हो चुके है,व्यापारी परेशान है।निगम को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

निगम आयुक्त महोदय ने ज्ञापन लेने के बाद भिलाई चेम्बर को आश्वस्त किया कि पिंक टॉयलेट निर्माण का कार्य बहुत जल्द पावर हाउस बाजार में प्रारंभ कर दिया जाएगा। बाजारों में सड़क का कार्य भी बारिश के बाद तुरंत प्रारंभ किया जाना है। चेम्बर के पदाधिकारियों ने आयुक्त महोदय से आदर्श बाजार बनाने में चेम्बर द्वारा सहयोग देने का वादा किया। ज्ञापन देने अजय भसीन के साथ चिन्ना राव,प्रेम रतन गहलोत, शिवराज शर्मा,मनीष अग्रवाल,सरमद इमाम व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना शंकर सचदेव ने दी।

### स्वीप डेमोंस्ट्रेशन से दिव्यांग ग्रामीण ने मतदान कर मतदान करने की प्रक्रिया से रूबरू हुए

**मोहला।** स्वीप गतिविधियों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस जयवर्धन के नेतृत्व व उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश ठाकुर एवं नोडल अधिकारी स्वीप हेमंत ठाकुर के संयुक्त मार्गदर्शन में ईव्हीएम एवं वीवीपैड मशीन का नियमित रूप से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों के द्वारा मतदान केद्रों में जाकर मतदान करने की प्रक्रिया के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में आज टीम द्वारा ईव्हीएम एवं वीवीपैड मशीन के प्रचार प्रसार के लिए विकासखंड अंबागढ़ चौकी के मतदान केंद्र प्राथमिक शाला भवन डूमरघुंचा में जन चौपाल लगाकर प्रचार प्रसार का कार्य किया गया। जिसमें गांव के मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक रुचि दिखाई। इस दौरान ग्राम डूमरघुंचा का एक दिव्यांग मतदाता भी पहुंचकर मशीन से मतदान करने की प्रक्रिया को भले भांति समझा और संतोष व्यक्त किया।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### बीजापुर में नक्सलियों का उत्पात सड़के काटी और बैनर लगाकर किया सड़क मरम्मत का विरोध

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने स्वतंत्रता दिवस से दो दिन पहले जमकर उत्पात मचाया है। नक्सलियों ने कुटरू इलाके की दरभा सड़क को कई जगह से काटकर मार्ग बंद कर दिया है। नक्सलियों ने बैनर पोस्टर लगाकर सड़क मरम्मत व खनिज परिवहन का विरोध किया है।

मिली जानकारी के अनुसार भैरमगढ़ ब्लॉक के कुटरू थाना क्षेत्र के केतुलनार से दरभा को जोड़ने वाली तीन किलोमीटर सड़क को नक्सलियों ने शनिवार व रविवार की मध्य रात को कई जगहों से काटकर मार्ग को बंद कर दिया हैं। नक्सलियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी के नाम यहां बैनर-पोस्टर लगाया गया है। बैनर-पोस्टर में नक्सलियों ने सड़क मरम्मत व खनिज परिवहन का विरोध जताया है। एएसपी चन्द्रकांत गवर्णा ने बताया कि दरभा कच्ची सड़क को एक-दो जगह से काटने की सूचना मिल रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस पार्टी दरभा गांव के लिए रवाना कर दिया गया है।

### 15 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद (ए)।** 15 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नरोत्तम रौतिया अपने घर में अवैध हाथ भट्टी का बना महुआ शराब बिक्री कर रहा है। जिस सूचना पर हमारा स्टाफके रवाना होकर आरोपी के घर रेड कर आरोपी के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। आरोपी का यह कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट अपराध पाए जाने से थाना बसना में अपराध क्रमांक -431/23 धारा 34(2) का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# खौफनाक हत्याकांडः पति ने पत्नी की हत्या कर जंगल में दफनाई लाश, दो सप्ताह बाद खुला मामला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में खौफनाक हत्याकांड का मामला सामने आया है। पारिवारिक विवाद के चलते पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर जंगल में उसकी लाश को दफना दिया। घटना करीब दो सप्ताह पुरानी है जिसमें पुलिस को अब सफलता मिली। दरअसल आरोपी पति बार बार पुलिस को गुमराह करता रहा लेकिन उसका झूठ ज्यादा टिक नहीं पाया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने शव को जंगल से बरामद किया और पीएम के लिए भेज दिया है।



मिली जानकारी के अनुसार दुधावा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सरोना निवासी सुनीता नेताम की शादी जामगांव निवासी मनरखन नेताम से हुई थी। शादी के बाद दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। इसी वजह से सुनीता लगभग एक साल से अपने मायके में रह रही थी। बताया जा रहा है कि 30 जुलाई को मनरखन अपनी पत्नी के मायके सरोना पहुंचा और अपने ससुराल वालों के साथ ही अपनी पत्नी से मांफी मांगी।

इसके बाद ससुराल वालों ने सुनीता को मनरखन के साथ भेज दिया। 31 जुलाई को दोनों जामगांव के लिए रवाना हुए थे। लेकिन रास्ते में मनरखन ने सुनीता की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को जंगल में दफना दिया। इसके बाद जब परिजनों को पता चला कि सुनीता जामगांव नहीं पहुंची तो उसके पति से पूछताछ की। पूछताछ में वह लगातार ससुराल वालों को गुमराह करता रहा।

इस मामले में सुनीता के परिजनों ने 10 अगस्त को दुधुवा चौकी में इसकी शिकायत की। पुलिस ने शक के आधार पर पति से पूछताछ शुरू की। पुलिस को भी मनरखन ने गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस की सख्ती के सामने वह टूट गया। आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या की बात मानी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मृतका के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पत्नी की हत्या के आरोप में पति को जेल भेज दिया गया है।

# स्वतंत्रता दिवस पर शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने आधी रात सड़क पर उतरे आईजी

**रायपुर (ए)।** स्वतंत्रता दिवस पर शहर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए रायपुर पुलिस की टीम के साथ अधिकारियों ने कमर कस ली है। असामाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए रायपुर रेंज के आइजी रतनलाल डांगी खुद शनिवार की आधी रात को सड़क पर उतरे।

उन्होंने जिला पुलिस को निर्देशित किया है कि शराबी वाहन चालकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करें। असामाजिक तत्वों, बदमाशों, चाकूबाजों पर सख्ती बरतें। इसी क्रम में विभिन्न थाना क्षेत्रों में चेक पाइंट लगाकर दिन भर चलाए गए चेकिंग अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से एक ही रात में साढ़े तीन लाख रुपये जुर्माना वसूला गया।



रात 12 बजे से दो बजे तक खुद आइजी रतनलाल डांगी ने एएसपी यातायात और अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का जायजा लेते रहे। कुल 25 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय में भेजा गया। पुलिस की धरपकड़ कार्रवाई से असामाजिक तत्वों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों में हड़कंप मचा रहा।

आइजी ने जांच अभियान लगातार चलाने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि पुलिस इन दिनों रात में लगातार सड़कों पर उतर रही है, ताकि अपराधी तत्वों को पकड़ा जा सके। बीते दिनों भी रात में चेकिंग अभियान में बड़ी संख्या में नशे में चलाने वाले, असामाजिक तत्व, बदमाश पकड़े गए थे। कार्रवाई की बाद भी बदमाश देर रात सड़कों पर घूमते नजर आ रहे हैं।

आईजी डांगी ने बताया कि शनिवार और रविवार देर रात तक शहर में ट्रैफिक का दबाव रहता है। इसी दौरान कई लोग नशे में ड्राइव भी करते हैं। इस वजह से हादसे होते हैं। सड़क हादसों को रोकने रात 3 बजे तक एक दर्जन से ज्यादा चौक-चौराहों पर बेरीकेड्स लगाकर जांच की गई। इस दौरान करीब एक दर्जन लोग नशे में पाए गए। उनसे मौके पर ही जुर्माना वसूल किया गया। नशे पर गाड़ी चलाने वालों से 3.50 लाख रुपए की वसूली हुई है। इसके अलावा रात में बिना कारण घूमने वाले दो दर्जन युवकों को पकड़ा गया। उनके नाम, पते और फोन नंबर नोट किए गए। उन्हें फटकार लगाकर घर लौटा दिया गया। रात में युवकों की टोली बाइक पर तीन सवारी या ग्रुप बनाकर घूम रहे थे। उन्हें भी जमकर फटकार लगाई गई।

एकतरफा प्यार में युवक ने किया हमला

# युवती और उसके पिता को किया घायल, गिरफ्तार



**कोरबा (ए)।** कोरबा जिले में करीब 8 महीने पहले युवती और उसके पिता पर जानलेवा हमला करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एकतरफा प्यार में आरोपी ने युवती और उसके पिता पर धारदार ब्लेड से हमला कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, घटना 8 जनवरी 2023 की है, जब युवती अपनी बहन के साथ किसी काम से घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान युवक अभिनव यादव (25 वर्ष) वहां पहुंचा और युवती को तंग करने लगा। उसने कहा कि तुम मुझसे बात क्यों नहीं करती हो, क्यों अनदेखा करती हो। इसके बाद सबके सामने वो उसे परेशान करता रहा।

युवती ने घर पहुंचकर अपने पिता को इस बात की जानकारी दी। इसके बाद पिता युवक से बातचीत करने के लिए उसके घर पहुंचा। उस वक्त युवक घर पर मौजूद नहीं था। घर लौटने पर युवक को पता चला कि युवती के पिता उसके घर आए थे, तो वो तुरंत उनके घर पहुंच गया। युवक ने युवती और उसके पिता पर ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया।

घायल पिता और युवती ने सिटी कोतवाली में मामला दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन आरोपी फरार हो गया था। 8 महीने के बाद आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संजय नगर से गिरफ्तार कर लिया। सिटी कोतवाली थाने में पदस्थ ASI श्याम बघेल ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से फरार था, उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ हादसाः 3 वाहनों की टक्कर में 4 लोग गंभीर रूप से घायल

**गरियाबंद (ए)।** गरियाबंद जिले में रविवार को हुए भीषण सड़क हादसा हो गया। जहां 3 वाहनों की एक साथ टक्कर हो गई। हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं एक बाइक 2 टुकड़ों में बंट गई। ओवरटेक करने के चक्कर में ये हादसा हुआ है। मामला पांडुका थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम पोड़ के पास बाइक, स्कॉर्पियो और स्कूटी के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सबसे पहले गरियाबंद से राजिम की ओर जा रही तेज रफ्तार बाइक पोड़ मंडी टर्निंग के पास स्कॉर्पियो से टकरा गई। बाइक स्कूटी को ओवरटेक करते हुए आगे बढ़ी थी तभी यह हादसा हुआ। जिसके बाद पीछे से आ रही स्कूटी भी बेकाबू होकर वाहन में जा घुसी।

### बाइक के 2 टुकड़े हो गए

भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के दो टुकड़े हो गए और स्कूटी भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्कॉर्पियो भी सामने से बुरी तरह डैमेज हो गई है। हादसे में बाइक सवार दो युवक और स्कूटी सवार दो



युवतियों को गंभीर चोट लगी है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी।

### सभी का इलाज जारी

हादसे के कुछ देर बाद रास्ते से एक एंबुलेंस गुजर रही थी। तभी भीड़ ने उसे रोककर गंभीर रूप से घायल दो युवकों और एक युवती को राजिम अस्पताल भेजा। इतनी देर में पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी भी वहां पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने भी मदद करते हुए दूसरी युवती, जिसे मामूली चोट लगी है, उसे 108 संजीवनी एक्सप्रेस से अस्पताल भेजा है।

पांडुका थाना प्रभारी जय सिंह ने बताया कि एक युवक के पेट में गहरी चोट लगी है, वहीं दूसरे युवक के पैर की हड्डी दो अलग-अलग जगह से टूट गई है। हादसे में एक युवती का भी पैर टूट गया है।

पांडुका थाना प्रभारी ने कहा कि फिलहाल घायलों का नाम पता नहीं चल सका है। उनकी हालत ठीक होने के बाद उनसे बयान लिए जाएंगे। साथ ही हादसा कैसे हुआ और किसकी गलती से हुआ इसकी भी जांच की जा रही है।

# टीचर के गले से सोने की चेन और लॉकेट पारः ऑटो में सवार होकर सब्जी लेने निकली थीं, रास्ते में गायब हो गए गहने

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में ऑटो सवार टीचर के गले से सोने की चेन और लॉकेट चोरी हो गई। शिक्षिका सब्जी लेने के लिए मार्केट जा रही थी, तभी रास्ते में उनके गहने गायब हो गए। टीचर को शक है कि जिस ऑटो में वह बैठीं थीं उसमें तीन महिलाएं भी थीं। उन्होंने ही उनके गहने उड़ाए होंगे। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

सिविल लाइन क्षेत्र के वेयर हाउस स्थित महामाया विहार निवासी तृप्ति तिवारी (59) हिर्री के इंद्रपुरी के गवर्नमेंट स्कूल में टीचर हैं। उन्होंने सिटी कोतवाली पुलिस से शिकायत कर बताया है कि बीते 12 अगस्त की शाम वह अपने बेटे अथर्व के साथ सब्जी लेने के लिए शनिचरी बाजार जाने निकली थीं। मां-बेटे शेफर स्कूल चौक से ऑटो लिए और शनिचरी बजार के लिए जाने के लिए निकले थे। इस बीच रास्ते में नेहरु चौक पर तीन अधेड़ महिलाएं भी उसी ऑटो में बैठीं थीं, जिनकी गतिविधियां संदिग्ध लग रही थी।



शनिचरी बाजार के पास टीचर अपने बेटे के साथ उतर गई। इसके बाद उन्हें पता चला कि उनके गले से सोने की चेन और लॉकेट गायब है। उन्होंने ऑटो चालक और महिलाओं की तलाश की। लेकिन उनका पता नहीं चल सका। परेशान होकर टीचर कोतवाली थाने पहुंची और पुलिस से शिकायत की। जिस पर पुलिस ने धारा 379 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चौक-चौराहों पर अनजान चेहरों की भरमार, नहीं हो रही जांच

चोरी की इस वारदात में तीन अनजान महिलाओं पर संदेह जताया जा रहा है। टीचर के अनुसार तीनों महिला महाराष्ट्र की लग रही थीं और मराठी में बात कर रहीं थीं। शहर में इन दिनों अनजान चेहरों की भरमार है। ऐसे पुलिस लोगों की जानकारी नहीं ले पा रही है। शहर के सभी चौक-चौराहों पर अनजान फेरीवाले घूम रहे हैं, जिनका न तो पुलिस वेरिफिकेशन हो रहा है और न ही ऐसे लोग थाने में सूचना दे रहे हैं।

# मुरुम खदान में डूबने से दो मासूमों की मौत, घूमने निकले थे दोनों और हो गए हादसे का शिकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** जिले के सरकंडा क्षेत्र में रविवार देर शाम मुरुम खदान में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। घटना यहां के बहतराई-बिजौर के बीच बने मुरुम खदान की है। दरअसल दोनों बच्चे घूमने निकले थे और इस दौरान हादसे का शिकार हो गए। बच्चे टिकरापारा और लिंगियाडीह में रहने वाले बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना के बाद स्थानीय लोगों ने बच्चों के शव बाहर निकालकर परिजनों को सौंपा। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा निवासी रवि अहिरवार का 12 वर्षीय बेटा अभिषेक अपने रिश्तेदार के घर लिंगियाडीह आया हुआ था। यहां से वह दिलीप अहिरवार के बेटे ईशान (12) के साथ



घूमने निकला। बहतराई और बिजौर के बीच मुरुम खदान के पास दोनों बच्चे हादसे का शिकार हो गए। बच्चों के डूबने की सूचना के बाद मौके पर पुलिस की टीम पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों बच्चों के शवों को बाहर निकाला गया। वहीं परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बच्चों के शवों को देखकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# संघर्ष से संप्रभुता तक

15 अगस्त

## स्वतंत्रता दिवस पर

### आज़ादी की विरासत को सहेजने के संकल्प के साथ देश के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले वीरों को

# छत्तीसगढ़ का नमन

“


देश की स्वतंत्रता की 76वीं वर्षगांठ पर आज हम गर्व से 'नवा छत्तीसगढ़' के निर्माता के रूप में खड़े हैं।
प्रदेश के हर व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन की चमक है

- ❖ किसान ऋण-मुक्त हैं और समृद्धि की फसल काट रहे हैं
- ❖ नि:शुल्क और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं चौखट तक पहुंच रही हैं
- ❖ न्याय की लम्बी लड़ाई लड़ रहे आदिवासियों के पास उनके जंगल जमीन पर अधिकार हैं
- ❖ वनोपज की खरीदी से लाखों वनाश्रितों की आय सुनिश्चित हुई है
- ❖ रोजगारों के नए अवसरों से युवाओं के लिए प्रगति के रास्ते खुले हैं
- ❖ नई नीतियों से प्रदेश की महिलाएं आत्मानिर्भर हो रही हैं
- ❖ उत्कृष्ट सरकारी स्कूलों ने आधुनिक शिक्षा के नए आयाम रचे हैं
- ❖ हमारे गांव आत्मनिर्भरता के नए केंद्र के रूप में स्थापित हुए हैं जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास को मजबूती मिली है
- ❖ निवेशक अनुकूल औद्योगिक नीतियों के वजह से प्रदेश में नए निवेश से राज्य की औद्योगिक विकास को नई गति मिली है
- ❖ न्याय योजनाओं का लाभ पंक्ति के आखिर में खड़े हर व्यक्ति तक पहुंचा है

स्वतंत्रता सेनानियों के 'समावेशी और संपन्न भारत' के सपने को हम अपनी नीतियों और निर्णयों से साकार कर रहे हैं

**जय हिंद! जय छत्तीसगढ़!**

- भूपेश बघेल मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़



RO- 38039/43

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950